
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 45 | ग्वालियर, 23 दिसम्बर शनिवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## जल्द होगा पुंछ हमले के गुनहगारों का हिसाब



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में गुरुवार को हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में 4 जवान शहीद हो गए थे, जबकि तीन अन्य जख्मी हुए थे. आतंकियों की तलाश में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को इलाके के वन क्षेत्र में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है. इसके लिए सेना हेलिकॉप्टर का भी इस्तेमाल कर रही है. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सेना के एक अधिकारी ने बताया कि इलाके की हवाई निगरानी भी की जा रही है और आतंकवादियों का पता लगाने के लिए विशेष दस्ते को भी लगाया गया है. अधिकारी ने बताया कि हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया है. अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने गुरुवार को सुरक्षाबलों को एक तलाशी अभियान स्थल पर ले जा रहे दो वाहनों पर सुरनकोट थाना क्षेत्र में ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर करीब पौने चार बजे हमला किया था.

# संसद में जब घुसपैठ हुई, बीजेपी सांसद भाग खड़े हुए सुरक्षा चूक पर बोले राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** गठबंधन के 146 सांसदों के निलंबन के फैसले के खिलाफ विपक्षी दलों ने जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. राहुल ने संसद की सुरक्षा में चूक और वीडियो शूट जैसे मुद्दों पर भी केंद्र सरकार को घेरा. उन्होंने कहा कि जब संसद में घुसपैठ हुई, बीजेपी सांसद भाग खड़े हुए. राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में केंद्र सरकार से कई सवाल पूछे. राहुल ने पूछा, संसद की सुरक्षा में चूक कैसे हुई, ये युवा संसद के अंदर कैसे आए। संसद के अंदर गैस स्प्रे कैसे लाए, अगर ये गैस स्प्रे ला सकते हैं तो संसद में कुछ भी ला सकते हैं. राहुल ने कहा, सवाल ये भी है कि इन युवाओं ने संसद में घुसपैठ क्यों की। उन्होंने कहा, उसकी वजह है बेरोजगारी. आज देश के युवा के रोजगार नहीं मिल पा रहा है. देश में भयंकर बेरोजगारी है.



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हम सब विपक्ष के नेता और विपक्ष के कार्यकर्ता एक साथ खड़े हैं. ये लड़ाई नफरत और मोहब्बत के बीच की लड़ाई है. नफरत के बाजार में हम मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं. जितनी आप नफरत फैलाओगे। उतना गठबंधन मोहब्बत फैलाएगा. राहुल ने कहा, मैंने एक सर्वे करने वाले से कहा कि एक काम करो कि एक सर्वे करो... किसी भी शहर में चले जाओ और पता लगाओ कि हमारे युवा हैं जो हिंदुस्तान के युवा हैं, जिन्होंने सेलफोन पकड़ रखा है, दिन में कितने घंटे सोशल मीडिया पर रहते हैं. मैंने छोटी सी सर्वे कराई. मैं हैरान हो गया. साढ़े 7 घंटे युवा फेसबुक पर, इंस्टाग्राम पर, ट्विटर पर यानी अपने फोन पर लगे रहते हैं. मोदी की सरकार में साढ़े 7 घंटे युवा फोन पर बैठा है. क्योंकि मोदी जी ने उसको रोजगार नहीं दिया. रोजगार उससे छीन लिया. ये है हिंदुस्तान की हालत. इसलिए ये युवा थे, जिन्होंने सुरक्षा में सेंध जरूर की, लेकिन वे बेरोजगार हैं, इसकी भी वजह आप हैं, तभी वे कूद कर संसद में आए.

## 20 टांके आए, पीठ से पैर तक मारा..., ओवैसी ने संसद में बताई पुलिस के जुल्म की कहानी



*नई दिल्ली। केंद्र की ओर से लाए गए तीन नए क्रिमिनिल लॉ बिल बुधवार (20 दिसंबर) को लोकसभा में ध्वनिमत से पास हो गए. विधेयकों को लेकर सदन में चर्चा के दौरान एआईएमआईएम के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नए कानूनों पर आपत्ति जताई और सवाल किया कि पुलिस को हर बात की इजाजत दे दी गई है. उन्होंने संसद में बताया कि 1999 में पुलिस ने उनकी बहुत पिटाई की थी और उन पुलिसवालों को प्रोमोट कर दिया गया. उन्होंने कहा, %सर, मुझे पुलिस ने पीटा सर. 22 दिसबंर, 1999 को मेरे सिर में 20 टांके लगे. पीठ से लेकर पैर तक मुझे पीटा गया. आपको मालूम सर क्या हुआ. तेलुगु देशम पार्टी की सरकार थी. उन्होंने उन दोनों पुलिस वालों को, जिन्होंने मुझे मारा था, उन दोनों को प्रोमोट करके आईपीएस बना दिया.% ओवैसी ने यह भी कहा कि याद रखिए जिंदगियां बर्बाद करने का काम आप लोग कर रहे हैं. इसका सबसे बड़ा नुकसान मुसलमानों, दिलतों और आदिवासियों को होगा. इस दौरान, ओवैसी संसद में भड़क गए और कहने लगे, अरे मैं तैयार हूं मरने के लिए. तुम मारोगे क्या बोलो कहां मारोगे बताओ तुम्हारी गोलियां खत्म हो जाएंगी मैं जिंदा रहूंगा गोलयों से मैं डरने वाला नहीं हूं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन विधेयक भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पेश किए थे. ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने के लिए लाए गए हैं. ओवैसी ने आरोप लगाया कि ये तीनों (प्रस्तावित) कानून खुद आपराधिक हैं. ये जुर्म की रोकथाम से ज्यादा सरकार के अपराधों को कानूनी शक्ल देने के लिए बनाए जा रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि आज सच्चाई यह है कि सूट पहनने वाला जेल से बच जाता है और खाकी पहनने वाला किसी को गोली मार सकता है उसकी कोई जवाबदेही तय नहीं होती.*

# राजनाथ सिंह की सरकार में मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी को 10 साल की सजा, कोर्ट ने भेजा जेल

**नई दिल्ली।** यूपी के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री राकेश धर त्रिपाठी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया है. प्रयागराज की एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने अदालत ने पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को तीन साल की कैद और 10 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है. वहीं इस फैसले के बाद राकेश धर त्रिपाठी की तरफ से कोर्ट में जमानत की अर्जी दाखिल की गई है. थोड़ी देर में जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी. कोर्ट ने राकेश धर त्रिपाठी को कस्टडी में लेकर जेल भेजने का आदेश दिया है. स्पेशल जज एमपी एमएलए कोर्ट डॉ दिनेश चंद्र शुक्ला ने सजा सुनाई. कोर्ट ने अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद तीन दिन पहले अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया था.



पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत आरोप तय किया गया था. विजिलेंस के इंस्पेक्टर रामसुख राम ने राकेश धर त्रिपाठी के खिलाफ प्रयागराज के मुठ्ठीगंज थाने में 23 नवंबर 2012 को केस दर्ज कराया था. एफआईआर दर्ज होने के बाद विवेचना विजिलेंस को सौंप दी गई थी. विजिलेंस ने विवेचना के बाद चार्जशीट वाराणसी जिला कोर्ट में दाखिल की थी. हालांकि बाद में यह केस प्रयागराज में एमपी एमएलए की स्पेशल कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया था. राकेशधर त्रिपाठी एक मई 2007 से 31 दिसंबर 2011 के बीच उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री के पद पर रहे. इस दौरान आय से समस्त वैध स्त्रोतों से उन्होंने 49 लाख 49 हजार 928 रुपए अर्जित किया. इस दौरान संपत्ति अर्जन और भरण पोषण पर दो करोड़ 67 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किया. जो आय के सापेक्ष 2 करोड़ 17 लाख से अधिक है. जिसका संतोषजनक स्पष्टीकरण पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी नहीं दे सके थे. फैसला सुनाए जाने के वक्त कोर्ट रूम में पूर्व कैबिनेट मंत्री भावुक हो गए. राकेश धर त्रिपाठी यूपी की राजनाथ सिंह सरकार में भी मंत्री थे.

## संक्षिप्त समाचार

### धीरेधीरे पांव पसार रहा है कोरोना का नया स्वरूप जेएन नई दिल्ली।



जानकारी के अनुसार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के पूर्व संक्रामक विभागाध्यक्ष डॉ. समीरन पांडा का कहना है कि जेएन.1 उप स्वरूप की आर वैल्यू ओमिक्रॉन से ज्यादा देखी जा रही है। इसका मतलब है कि एक से दूसरे या फिर तीसरे व्यक्ति तक संक्रमण प्रसार की क्षमता अधिक है, लेकिन गंभीरता के मामले में यह उतना ताकतवर नहीं है, जितना बीते वर्षों में था। वहीं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कोविड टास्क फोर्स के सह अध्यक्ष डॉ. राजीव जयदेवन ने बताया कि जेएन.1 उप स्वरूप को लेकर कई चिकित्सा अध्ययन सामने आए हैं, जिनसे जाहिर है कि यह बहुत अधिक गंभीर स्वरूप नहीं है, लेकिन यह तेजी से लोगों को अपनी चपेट में जरूर ले सकता है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी स्वास्थ्य मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें बताया गया है कि जेएन.1 का संक्रमण देश के 11 राज्यों तक पहुंचा है। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के अलावा गोवा, पुडुचेरी, गुजरात, तेलंगाना, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान में भी कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं, जिनके सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग

### नियमित सप्लाई नहीं है,वह सप्लाई सुचारू रूप से चालू रहे,ऐसे निर्देशशिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन



शिवपुरी(मध्य प्रदेश) शिवपुरी विधायक श्री देवेंद्र जैन ने अपने आवास पर नगर पालिका केवरिष्ठ अधिकारियोंऔर अध्यक्ष श्री मति गायत्री शर्मा के साथ की संयुक्त बैठक, नगर की प्रमुख समस्याएं पेयजल, अटल सागर डैम की नियमित सप्लाई, शहर के विभिन्न वार्डों में खराब मोटरों को समय से बदला जाए, ग्रामीण क्षेत्र के जिन गांवों में लाइट की नियमित सप्लाई नहीं है,वह सप्लाई सुचारू रूप से चालू रहे,ऐसे निर्देश अधकारियों को दिए और शिवपुरी विधायकसे जो भी निधीओर बजट की जरूरत है उसके लिए सदैव तैयार है, शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को किसी भी तरह की परेशानी ना हो ऐसे निर्देश अधिकारियों और नगर पालिका अध्यक्ष को दिए,

### जनसम्पर्क आयुक्त श्री पोरवाल ने पदभार ग्रहण किया*

भोपाल सचिव जनसम्पर्क श्री विवेक पोरवाल ने आज जनसम्पर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जनसम्पर्क संचालनालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक ली। जनसम्पर्क आयुक्त श्री पोरवाल ने जनसम्पर्क की कार्यप्रणाली की वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग के विभिन्न प्रभागों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने म.प्र. माध्यम में भी प्रबंध संचालक (एम.डी.) का पदभार ग्रहण किया।

# ईडी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को फिर भेजा समन, दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है मामला




द्वदल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिर से ईडी ने शुक्रवार (22 दिसंबर) को समन भेजा. ईडी ने केजरीवाल को भेजे तीसरे समन में सवाल-जवाब करने के लिए 3 जनवरी को बुलाया है. ईडी ने इससे पहले सोमवार (18 दिसंबर) को सीएम केजरीवाल को दूसरा समन जारी किया था और कहा था कि 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए पेश हों. इस समन को आम आदमी पार्टी (क्क) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने राजनीति से प्रेरित करार दिया. ईडी ने ये समन ऐसे समय में जारी किया था जब वो 20 दिसंबर को विपश्यना के लिए रवाना होने वाले थे.इससे पहले केंद्रीय एजेंसी ईडी ने केजरीवाल को दो नवंबर को समन भेजा था, लेकिन नोटिस को गैर कानूनी और राजनीति से प्रेरित बताते हुए वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे. इस दिन केजरीवाल मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर यहां प्रचार करने पहुंच गए थे.

**अरविंद केजरीवाल ने लेटर में क्या लिखा**–18 दिसंबर को मिले समन पर आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने चिट्ठी लिखकर कहा कि समन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के इशारे पर जारी किए गए हैं, जो विपक्ष की आवाज दबाना चाहते हैं.मुख्यमंत्री ने बुधवार (20 दिसंबर) को ईडी को भेजे जवाब में कहा कि समन में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि उन्हें मामले में गवाह या संदिग्ध के तौर पर या एक दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अथवा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में बुलाया गया है. उन्होंने ईडी को भेजे अपने जवाब में कहा, ''आपके समन का समय इसके पीछे की मंशा, मेरे इस विश्वास को मजबूत करते हैं कि मुझे भेजे जा रहे समन किसी उद्देश्य या तर्कसंगत मानदंड पर आधारित नहीं हैं बल्कि ये राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के इशारे पर अनावश्यक विचारों से प्रेरित हैं जो केंद्र में सत्तारूढ़ दल के विरोध की आवाज को चुप कराना चाहते हैं ताकि 2024 की शुरुआत से लेकर मध्य तक होने वाले संसदीय चुनावों से पहले अंतिम कुछ महीनों में सनसनीखेज खबरें बन सकें.''

**ये नेता पहले से हैं गिरफ्तार**–दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और आप के सांसद संजय सिंह जेल में बंद हैं. **ईडी का क्या आरोप है**–ईडी ने दावा किया है कि शराब नीति बनाने में आप नेता सिसोदिया और संजय सिंह सहित कई नेताओं की अहम भूमिका थी. इस नीति के माध्यम से शराब डीलरों को आर्थिक फायदा पहुंचाया गया. इन आरोपों को खारिज करते हुए आप कहती रही है कि राजनीतिक बदले की भावना की तहत बीजेपी ये सब कर रही है.

## प्रियंका गांधी ने बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक से की मुलाकात, कहा- मोदी सरकार में हर कोई परेशान



बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह को भारतीय कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष चुने जाने को लेकर विवाद जारी है. इस बीच सिंह के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने वालों में मुख्य चेहरा रहे पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक से प्रियंका गांधी ने मुलाकात की. प्रियंका गांधी ने मुलाकात के बाद कहा कि मैं एक महिला होने के नाते आई हूं.

टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष संजय सिंह बनने के विरोध में शुक्रवार (22 दिसंबर) को अपना पद्मश्री लौटाने का फैसला किया. उन्होंने इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला लेटर लिखा है. वहीं साक्षी मलिक ने मामले को लेकर गुरुवार (21 दिसंबर) को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुश्ती से सन्यांस लेने का ऐलान किया. इसके अलावा विनेश फोगाट ने कवित शेयर करते हुए लिखा कि वरदान मांगूंगा नहीं. फोगाट ने पूनिया का लेटर शेयर करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अभी किसी खिलाड़ी के मरने पर रोने का इंतजार करना. बजरंग पूनिया ने क्या कहापीएम मोदी को लिखे लेटर में बजरंग पूनिया ने लिखा, ''प्रधानमंत्री जी, उम्मीद है कि आप स्वस्थ होंगे. आप देश की सेवा में व्यस्त होंगे. आपकी इस व्यस्तता के बीच आपका ध्यान देश की कुश्ती पर दिलवाना चाहता हूं. 'उन्होंने लिखा, ''आपको पता होगा कि इस साल जनवरी में महिला पहलवानों ने बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगायो थे|. मैं भी उनके आंदोलन में शामिल हो गया था. सरकार ने जब ठोस कार्रवाई की बात की तो आंदोलन रूक गया था. ''वान ने लिखा, ''लेकिन तीन महीने तक बृजभूषण के खिलाफ कोई एफआई दर्ज नहीं की गयी. हम अप्रैल में फिर सड़क पर विरोध प्रदर्शन करने लगे ताकि पुलिस कम से कम उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करे.

## चम्बल रेंज अजाक पुलिस द्वारा आयोजित दो दिवसीय रेंज स्तरीय कार्यशाला

# पुलिस को थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी के लिये संवेदनशील होना चाहिए : डीआईजी चम्बल रेंज

**ग्वालियर।**'समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमीनार का शुभारंभ उप पुलिस महानिरीक्षक चम्बल रेंज कुमार सौरभ,भापुसे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर किया। सेमीनार में उपस्थित मुख्य अतिथि का पुलिस अधीक्षक, अजाक, चम्बल रेंज जयराज कुबेर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस सेमीनार में अति0 पुलिस अधीक्षक जिला दतिया सुनील शिवहरे, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी अभिषेक मेहरोत्रा, अजाक प्रदेश अध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य, एडबोकेट हाइकोर्ट ग्वालियर रवि चौधरी सहित चम्बल रेंज के लगभग 40 से अधिक पुलिस अधिकारीगण सम्मलित हुए हैं। सेमीनार के दौरान मंच संचालन पुलिस अधीक्षक, अजाक, चम्बल रेंज द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप पुलिस महानिरीक्षक चम्बल रेंज ने कहा कि पुलिस को समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रवैया रखते हुए उनसे संबंधित शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करना चाहिए और थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी के लिये भी संवेदनशील होना चाहिए। विवेचक को फरियादी की रिपोर्ट दर्ज करते समय अपने आप को पीड़ित के स्थान पर रखकर रिपोर्ट दर्ज करनी चाहिए। उन्होने कहा कि इस प्रकार के सेमीनार से विवेचकों को नवीन नियम कानूनों के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त होती है जो कि आपके लिये विवेचना में उपयोगी सिद्ध होगी। आपको कानून की जितनी ज्यादा जानकारी होगी, विवेचना का स्तर उतना ही अच्छ रहेगा। पुलिस अधीक्षक, अजाक रेंज चम्बल जयराज कुबेर द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को एससी/एसटी के प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध न होने पर नवीन जाति प्रमाण पत्र तैयार कराने में एवं थाने में आने वाले पी?ित को एफआइआर कराने में आने वाली परेशानियों के निराकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अति0 पुलिस अधीक्षक जिला दतिया सुनील शिवहरे द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के गंभीर मामलों की केस स्टडी के माध्यम से सेमीनार में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। सेमीनार में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी अभिषेक मेहरोत्रा के द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों का सूक्ष्म विश्लेषण एवं विवेचना के दौरान गिरफ्तारी, मेमोरेण्डम, जप्ती, शिनाख्तगी संबंधी महत्वपूर्ण कार्यवाही में होने वाली त्रुटियों व उनके निवारण के संबंध में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई।





### देश में चल रही है हिटलरशाही सरकार : मानसिंह कुशवाह

# 142 सांसदों के निलंबन के विरोध में जिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा व राज्यसभा के 142 सांसदों को निलंबित करने का जो निंदनीय काम किया गया उसके विरोध में प्रदेश स्तर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में गोल मार्केट राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर एकत्रित होकर इंडिया गठबंधन की पार्टियों के साथ संसद में हुए घिनोनेकृत का विरोध प्रदर्शन किया गया । सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर उन्हे याद करते हुए कहा और भारतीय जनता पार्टी की जो देश में तानाशाही चल रही है, उसे अब लोकसभा के मंदिर सदन में भी देखा जा सकता है एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री देश सुरक्षा की बड़ी - बड़ी बाते करते हैं



,दूसरी तरफ सदन में कुछ युवा घुस कर सदन की सुरक्षा की हकीकत से रूबरू कराने के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हैं, जिसे विपक्षी दलों के नेताओ द्वारा सदन में पूछने पर उन्हें सदन से निलबित करने का काम किया जाता है। राज्यसभा व लोकसभा के 142 सांसदों को इस तरह निलबित करना भाजपा सरकार का तानाशाही रवैया व दमनकारी नीति को स्पष्ट करता है ।भारतीय जनता पार्टी किसान की मजदूर की व्यापारी व युवा की महिलाओं की आवाज को दबाने का काम रही है सदन के बाहर प्रदर्शन कर रहे सांसदों को पुलिस के दम पर उन्हें सड़क से हटाने का काम भारतीय जनता पार्टी के कहने पर किया जा रहा है।अब हम सब को एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव में एसी दमनकारी तानाशाही हिटलर शाही सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना होगा।और गरीब शोषित पीड़ित की आवाज सुनने वाली कांग्रेस पार्टी को लाकर सुख समृद्ध खुशहाल देश बनाना है। इसी क्रम में अन्य वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी।इस मौके पर बृजकिशोर शर्मा कल्लू,मलखान भदौरिया,वीरेंद्र यादव,विनोद पंडित,इरशाद अहमद,पंकज त्रिपाठी,राजेंद्र परिहार,संतोष त्रिपाठी,बलराम जाटव,विकास कुशवाहा,काजी रिजवान,शहर अध्यक्ष गुड्डा जैन, हरनारायण शर्मा,अरविंद सोनी,आशीर्वाद शर्मा,अनिल भारद्वाज,शालू पुरोहित,एवरन बघेल,कम्युनिस्ट पार्टी के नेता अनिल दोनेरिया सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार लाल जी भदोरिया की माता जी का 99 साल की उम्र में हुआ स्वर्गवास

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**



मालनपुर वरिष्ठ पत्रकार राज एक्सप्रेस के संवाददाता लालजी भदौरिया की माता बिट्टी बाई का 99 वर्ष की आयु में मालनपुर स्थित निज निवास भदोरिया होटल मालनपुर चौराहा स्थित मकान पर उनका निधन हो गया जिनके अंतिम संस्कार के लिए ढोल नगाड़ों के साथ सैकड़ो लोगो के साथ अर्थी निकालकर मालनपुर स्थित मरघट पर सैकड़ो की संख्या में लोगों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए सोक व्यक्त किया जिसमें दो परमाल सिंह तोमर, वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह कुशवाह, देवेंद्र शर्मा, गिर्राज वैशनदर, बृजेंद्र पाल बंसल, सचिन शर्मा, पहलवान सिंह राजावत, एवं बंटू ढाबा मालिक दिनेश सिंह परिहार उपस्थित रहे

# शासकीय सेवकों के नाम पदस्थापना वाले विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में जुड़वाएँ

### जिला निर्वाचन कार्यालय ने लिखा विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुखों को पत्र

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के दिशा-निर्देशों के तहत भिण्ड जिले में भी एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के अनुसार निर्वाचक नामावली में मतदाताओं के नाम जो?ने के लिए पुनरीक्षण संबंधी कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय सेवकों के नाम उसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में जो?ने का काम भी होगा, जहाँ उनकी पदस्थापना है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री ने बताया कि हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान अनेक कार्मिकों के नाम उनकी पदस्थापना स्थल की विधानसभा क्षेत्र में दर्ज न होने के कारण पोस्टल मतपत्र के उपयोग करने में कठिनाई का अनुभव किया गया था। शासकीय सेवक का सामान्य निवास उसकी पदस्थापना का मुख्यालय होता है। अतः उनका नाम उसी विधानसभा क्षेत्र में दर्ज होना आवश्यक है।इस सिलसिले में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा पुलिस अधीक्षक व कमाण्डेट 17 वी वाहिनी एसएएफ सहित समस्त कार्यालय प्रमुखों को पत्र लिखा है। समस्त एकीकृत शाखाऐं कलेक्ट्रेट भिण्ड एवं समस्त तहसीलदार जिला भिण्ड से कहा गया है कि वे अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम पदस्थ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दर्ज कराएँ। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी जिला निर्वाचन कार्यालय में भिजवायें।

# फौज में 19 साल की सेवा देने के बाद लौट रहे सूबेदार श्री तोमेश्वर रहांगडाले के स्वागत के लिए आतुर गांव व परिवार प्रशासन भी स्वागत के लिए तैयार



**पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**

भारतीय सेना में 19 वर्षो की लंबी सेवा के बाद जिले के किरनापुर के जराही गांव के सूबेदार श्री तोमेश्वर रहांगडाले सेवानिवृत होकर 1 जनवरी को अपने गांव आ रहे है। उनके द्वारा भारत की सीमा पर रक्षा में तकनीकी ज्ञान और बेजोड़ साहस के साथ गौरवशाली और उत्कृष्ट सेवा के बाद भारतीय सेना के सिग्नल कोर के जेई पद से सम्मानजनक सेवानिवृत्ति के अवसर पर बालाघाट रेलवे स्टेशन से युवा जागृति रैली निकाली जाएगी। 01 जनवरी को सुबह 10 बजे मूल निवास जराही तक प्रवास का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए परिजन तो स्वागत की तैयारियां कर ही रहा है। सूबेदार की वीरांगना धर्मपत्नी ज्योति ने कहा कि देश की सेवा में सीमाओं पर जाने वाले वीर सैनिक हर कोई शहीद नही होते है। अब अवसर है अग्निवीर जैसी योजना के माध्यम से भी सेना में शामिल होने का अवसर है। वहीं गांव में भी उत्साह की लहर दौ? रही है। गांव जराही की सहायक सचिव प्रीति गजभिये ने बताया कि गांव में उनका गौरवमयी रूप में स्वा्गत किया जायेगा। जराही गांव में उनके अलावा अन्यज युवा और युवतियॉ उच्चग पदों पर देश और प्रदेश की सेवा में लगे है। उनमें मुख्यक रूप से जेएनकेवी जबलपुर में डॉ. छत्रपाल रहांगडाले और छिंदवाड़ा में सहायक प्राध्योपक मीना ठाकरे अपनी उत्कृ ष्ठज सेवाएं दे रही है। सेना में अपनी जाबाजी सेवा देने के बाद लौट रहे तोमेश्वेर जी के सम्मांन से गांव के युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेगी।

# लुर्द माता कान्वेंट सी.से.स्कूल में हुआ वार्षिक विज्ञान, कला प्रदर्शनी का आयोजन





*सीहोर। लुर्द माता कॉन्वेंट सी.से. स्कूल बडियाखेडी, सीहोर में 21 दिसम्बर 2023 को हर्षो उल्लास के साथ वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमति भारती शर्मा सी.बी.एस.ई. नगर संयोजक जिला सीहोर एवं प्राचार्या शारदा विद्या मंदिर हा.से. स्कूल सीहोर उपस्थित थी। विज्ञान कला प्रदर्शनी के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान, चन्द्रयान - 3, कला एवं विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधक प्रभुदास तिर्की, प्राचार्या लिनिट देवसी एवं समस्त शिक्षको का हाथ रहा। इस कार्यक्रम को देखने के लिए पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी पालकगण ने स्कूल प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओ एवं छात्र-छात्राओ की सराहना की*

# खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर की खिलाड़ी मुस्कान मांझी का अंतर विश्वविद्यालय की फुटबॉल टीम में चयन

**सीहोर।** जिले की खिलाड़ी का चयन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की फुटबॉल टीम में चयन हुआ मुस्कान मांझी ग्वालियर में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय की टीम का अपना प्रतिनिधित्व करेंगी । मुस्कान माझी चर्च ग्राउंड पर अभ्यास करती हैं वह राइट विंग की पोजीशन पर खेलती है मुस्कान मांझी के चैन पर समस्त खेल संघ एवं खेल



प्रशिक्षकों ने बधाई दी बधाई देने वालों में सर्वप्रथम जिला खेल अधिकारी रूबी का दीवान खेल एवं युवा कल्याण विभाग. जिला केरल अधिकारी अत्ताउल्लाह खान स्कूल शिक्षा विभाग, नारायण कुशवाहा ,अरुणा पारे, एस एन पहलवान ,आनंद उपाध्याय ,राजेंद्र वर्मा, पाराशर ,दीपक गुरबाणी, अरुण राठौर, कोच विपिन पवार विजेंद्र परमार ज्योति गौर विशाल कमल आदि ने बधाई दी।जिला फुटबॉल संघ द्वारा जिला लीग फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26 दिसम्बर 2023 से प्रारंभ किया जा रहा है जो भी टीम है इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती है वह टीम में 24 दिसम्बर 2023 तक स्थान चर्च ग्राउंड पर सचिव जिला फुटबाल संघ मनोज कनौजिया एवं कोच विपिन पवार से संपर्क कर सकती हैं।

### खरगोन पुलिस को अंतरराज्यीय चड्डी- बनियान गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार करने मे मिली बड़ी सफलता

# हथियारों से लैस गैंग के सदस्य डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार,गिरफ्तारशुदा गैंग के सदस्य एक और बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी मे थे ,गिरफ्तारशुदा गैंग के सदस्य दे चुके है कई घटनाओ को अंजाम

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

### गिरफ्तारशुदा गैंग के सदस्यो के कब्जे से 02 पिस्टल मय जिंदा कारतूस व अन्य हथियार जप्त

### आरोपियों के कब्जे से 07 मोबाईल सहित 01 मारुति ईको कार भी जप्त

### आरोपियों से जप्त मशरुके की कुल कीमत लगभग 07 लाख रुपये

गैंग का मास्टर माइंड देवला खरगोन स्थित सोनम जिनिंग मे हुई चोरी की घटना मे भी था शामिलपुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी जिला खरगोन में लूट एवं अन्य सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधो की घटनाओ की पतारसी एवं अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना मंडलेश्वर पर डकैती की योजना बनाते अंतरराज्यीय चड्डी-बनियान गैंग के आरोपियों को पकड़ने मे मिली बड़ी सफलता **घटना का संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 21.12.2023 को थाना मंडलेश्वर पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, पीएचई रोड फिल्टर प्लांट ग्राम छोटी खरगोन के पास सुनसान जगह पर एक गुजरात पासिंग मारुति ईको गाडी में 06- 07 अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति बहुत देर से बैठे है व किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है ।

सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मंडलेश्वर के नेतृत्व मे थाना मंडलेश्वर पुलिस टीम मुखबिर के बताए स्थान पीएचई रोड फिल्टर प्लांट ग्राम छोटी खरगोन के पास पहुंची । पुलिस टीम के एक सदस्य द्वारा सादा वर्दी मे मारुति वैन के पास खड़े होकर संदिग्ध व्यक्तियों की आपस मे हो रही बातचित को सुना जहां वे आपस मे बात कर रहे थे की पिछ्ली बार बड़वाह मे 03 जगहों पर चोरी करने पर कोई बड़ा माल हाथ नहीं लगा था । बातचित के दौरान उन्ही के बीच एक व्यक्ति को देवला कह कर नाम से बुला रहे थे और वही गैंग के अन्य सदस्यों को घटना को अंजाम देने की योजना बनाते हुए कह रहा था की मैंने बड़वाह से इंदौर की तरफ वाले रास्ते पर एक और फैक्ट्री देखी है जहां पर अच्छा माल मिलेगा । संदिग्ध व्यक्तियों की बातों को सुनकर सादा वर्दी मे खड़े पुलिसकर्मी द्वारा टीम को इशारा कर बुलाया व वैन के पास खड़े सभी सातों व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा व मौके पर सावधानी से तलाशी ली गई तो आरोपियों के कब्जे से 02 अवैध पिस्टल, 04 जिंदा राउन्ड, लोहे की टामी, लाठी डंडे सहित घटना मे उपयोग की जाने वाली मारुति ईको क्रमांक त्न्न्न-20-त्न्न9360 जप्त कर आरोपियों को थाना मंडलेश्वर लाया गया । बाद 03 स्थानों पर घटना की गई। तीनों स्थानों पर चोरी करने के बाद ज्यादा माल नहीं मिलने पर एक बार पुनः इंदौर रोड पर




**तरीका ए वारदात**-पकड़ मे आए आरोपियों से पृथक -पृथक पूछताछ की गई तो बताया गया की दाहोद के कई गांवों मे चड्डी बनियान गैंग सक्रिय है जो देश के विभिन्न जिलों मे जाकर घटनाए करते है। घटना करने के पहले सभी सदस्य अपने कपड़े उतार कर चड्डी बनियान मे सम्बंधित स्थानों पर जाकर घटना को अंजाम देते है। जिससे की ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज मे दिखाई भी दे तो कपड़े आदि से पहचान नहीं हो पाए। घटना करने के बाद सभी सदस्य बराबर-बराबर पैसे आपस मे बाट लेते थे । गैंग का मास्टर माइंड देवला खरगोन जिले की सोनम जिनिंग चोरी मे भी शामिल था। देवला के द्वारा ही इस बार अपने गाँव के आसपास के नये लड़कों को खरगोन जिले मे चोरी करने के लिए बुलाया ओर 12 से 13 दिसंबर तक बड़वाह मे रेकी करने के घटना को अंजाम देने की तैयारी थी। देवला ने गैंग के सभी सदस्यों को बता रखा था की घटना करने के दौरान अगर कोई विरोध करने आए तो उस पर हथियारों से हमला कर भाग जाना। गैंग के सभी सदस्य अपने पास टामी, लाठी-डंडे, पिस्टल, आदि हथियार साथ रखते थे ।

**बड़वाह मे की गई चोरी की जानकारी**-पकड़ मे आए आरोपीगणों द्वारा दिनांक 13-14.12.2023 की दरमियानी रात को थाना बड़वाह क्षेत्र मे स्थित फैक्ट्री क्रमशः - 1. फेयर ट्रैड एग्री प्रोसेसर्स पशु आहार निर्माण फैक्ट्री से लगभग 3,25,000/- रुपये,
2. प्रकाश बोतल फैक्ट्री से लगभग 18-20 हजार रुपये,
3. नर्मदा ऑइल इंडस्ट्रीड़ काटकूट फटा इंदौर रोड से लगभग 1,80,000/- रुपये की चोरी की घटना की गई । इस प्रकार दाहोद जिले की इस अंतरराज्यीय चड्डी- बनियान गैंग के द्वारा एक ही रात मे बड़वाह क्षेत्र मे कुल लगभग 5,50,000/- रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था ।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही**-थाना मंडलेश्वर पर गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 399, 402 भादवि व 25, 27 आर्म्स एक्ट का कायम कर अनुसंधान मे लिया गया । सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड लेकर पृथक से विस्तृत पूछताछ की जावेगी व बड़वाह चोरी की घटना के माल की बरामदगी की जावेगी ।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

1देवला पिता जोरिया भाभोर जाति भील उम्र 25 साल निवासी आमलिया खजुरिया सिमोडा फालिया थाना जेसवाडा जिला दाहोद गुजरात ।
2.कांति पिता तेरसिंग भाभर जाति भील उम्र 40 साल निवासी आमलिया खजुरिया थाना जेसवाडा जिला दाहोद गुजरात ।
3. धवल पिता हकला डामोर जाति भील उम्र 23 साल निवासी सारमारिया पोस्ट कदवाल थाना लिमडी जिला दाहोद गुजरात ।
4. अनिल पिता बदिया मावी जाति भील उम्र 22 साल निवासी बावका थाना जेसवाडा जिला दाहोद गुजरात
5. कमलेश पिता दिवा भाभोर जाति भील उम्र 27 साल निवासी आमलिया खजुरिया सिमोडा फालिया थाना जेसवाडा जिला दाहोद गुजरात ।
6. संजय पिता अमरसिंग भाभोर जाति भील उम्र 24 साल निवासी आमलिया खजुरिया सिमोडा फालिया थाना जेसवाडा जिला दाहोद गुजरात ।
7. महेश पिता रतन भाभोर जाति भील उम्र 25 साल निवासी चरचोडा सिमोडा फालिया थाना जेसवाडा जिला दाहोद गुजरात का होना बताया ।

**पुलिस टीम**

उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग मंडलेश्वर श्री मनोहर गवली एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के नेतृत्व में थाना प्रभारी मंडलेश्वर उनि दीपक यादव, उनि राकेश सिसोदिया, सउनि कैलाश पाटीदार, प्र.आर.795 धर्मराज, प्र.आर. दिनेश रोमड़े, प्र.आर. संतोष बनडे, आर.945 धर्मेन्द्र, आर.350 अनुराग, आर.372 भगवान, प्रआर. मोहन मेडा, प्रआर लोकेश वासकले, प्रआर मुकेश पटेल, थाना बड़वाह से उनि पदम सिंह मोर्य, उनि मोहर सिंह बघेल, उनि सुनील जामले, उनि पूजा सोलंकी, सउनि कपिल अहिरवार, आर 565 विनोद, आर 1037 सूर्या, आर 1054 प्रकाश, जिला सायबर से से उनि सुदर्शन कुमार, प्रआर 777 आशीष अजनारे, आर. 275 अभिलाष डोगरे, आर 693 सचिन चौधरी, आर 10 मगन, आर 238 विजयेन्द्र व आर 847 सोनू का सराहनीय कार्य रहा ।

# मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने सिविल अस्पताल मऊगंज का किया औचक निरीक्षण

### अनुपस्थित डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को नोटिस देने का दिया निर्देश





**दैनिक पुष्पांजलि टुडेपुष्पेंद्र सिंह सेंगर जिला ब्यूरो चीफ मऊगंज**

**मऊगंज** --मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव सिविल अस्पताल मऊगंज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्होंने अस्पताल में भारी अर्थव्यवस्थाओं को दिखा। ओपीडी में काटी गई पर्चियां को संज्ञान में लिया और हॉस्पिटल में लाइट व्यवस्था सुदृढ़ ना होने पर नाराजगी जताई ।लाइट कटी पाए जाने पर जनरेटर का उपयोग न होने पर नाराजगी जाहिर की, वहीं उपस्थिति रजिस्टर चेक कर अनुपस्थित रहे डॉक्टरों डॉक्टर मंसूरी ,सी बी एम ओ डॉक्टर चौधरी ,रवि प्रताप सिंह, पूनम नामदेव, कार्तिकेय पांडेय सहित कई कर्मचारियों को नोटिस देने का निर्देश दिया ।कलेक्टर मऊगंज नर्स ड्यूटी रुम ,इंजेक्शन कक्ष सहित जनरल वार्ड का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए वही पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर हितग्राहियों को न मिलने वाले फलों पर नाराजगी जाहिर की और स्व सहायता समूह को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया ।मऊगंज कलेक्टर के अचानक पहुंचने पर अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल रहा जहां कर्मचारी अपनी कमियों को छुपाते नजर आए। आए दिन सिविल अस्पताल मऊगंज में डॉक्टरों के अनुपस्थित रहने और मरीजों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर खबरें आती रहती है जिसको संज्ञान में लेते हुए आज अचानक कलेक्टर सिविल अस्पताल पहुंचे जहां अनुपस्थित कर्मचारियों अधिकारियों को तत्काल नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। देखना है कि इसके बाद भी कर्मचारियों अधिकारियों में अपने कर्तव्य का बोध होता है या यूं ही सिलसिला चलता रहेगा।

# कलेक्टर ने सिरमौर चौराहा में बन रहे फ्लाई ओवर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गत दिवस अपने भ्रमण के क्रम में सिरमौर चौराहा में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में और गति लाते हुए शीघ्र कार्य पूरा करें। फ्लाई ओवर के निर्माण के साथ ही स?क एवं नाली निर्माण कार्य को भी पूरा करने के निर्देश कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को बोदाबाग रोड एवं सिविल लाइन में सीवर कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ल, सेतु निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री वसीम खान एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला दो दिवसीय प्रवास पर आएंगे रीवा

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल 23 दिसम्बर को दो दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। उनके साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल का भी रीवा आगमन हो रहा है। राज्यपाल श्री पटेल के साथ उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 23 दिसम्बर को प्रातः 10.10 बजे हेलीकाप्टर से भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 11.50 बजे हेलीपैड सैनिक स्कूल रीवा पहुंचेंगे। राज्यपाल प्रातः 11.55 बजे हेलीपैड से कार द्वारा प्रस्थान कर श्यामशाह मेडिकल कालेज रीवा पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल भी उनके साथ होंगे। राज्यपाल मेडिकल कालेज परिसर में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री भी उनके साथ होंगे। इसके



बाद राज्यपाल मेडिकल कालेज परिसर से प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री भी उनके साथ इस कार्यक्रम में उनके साथ शामिल होंगे। समारोह में दोपहर 12.55 बजे अध्यक्षता कर रहे उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का उद्बोधन होगा। समारोह संपन्न होने पर उप मुख्यमंत्री सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 2.15 बजे सर्किट हाउस से कार द्वारा ग्राम बैसा के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री राज्यपाल श्री पटेल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम बैसा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री ग्राम बैसा से दोपहर 3.40 बजे प्रस्थान कर शाम 4 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री शाम 4.30 बजे कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित कम्प्रेस्ड बायोप्लांट स्थापना से संबंधित बैठक में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम निज निवास में करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 24 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे निज निवास से प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में राज्यपाल श्री पटेल के मुख्य आतिथ्य में 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री समारोह के बाद 12.30 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से प्रस्थान कर दोपहर 12.40 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे।

# ओल्ड इज गोल्ड यादों का कारवां स्टार अवार्ड का आयोजन 25 को

**पुष्पांजली टुडे**




रीवा। शिव क्रिएशन इवेंट के तत्वावधान में स्टार अवार्ड ओल्ड इज गोल्ड ÷यादों का कारवां÷ का आयोजन दिनांक 25 दिसंबर 2023 को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है! जिसमें सन 1970 से 1990 दशक के गीतों की मंच से प्रस्तुति होगी! उक्त कार्यक्रम की जानकारी देने प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय के आश्रम में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया! जिसको प्रमुख रूप से राजयोगिनी बी. के. निर्मला दीदी, कार्यक्रम के आयोजक शिव कुशवाहा, कार्यक्रम की सहयोगी सीमा श्रीवास्तव, युवा समा?सेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव, युवा गायक नीलेश श्रीवास्तव, समा?सेवी अवनीश शर्मा, संगीतकार डॉ प्रवीर दुबे, सुनील साहू, मनीष साहू, डॉ विनोद तिवारी, हिमांशु श्रीवास्तव एवं संजय राजपूत ने संबोधित किया !पत्रकार वार्ता में आगे बताया कि नृत्य एवं गीत के चयन के लिए पहले ऑडीशन तीन चरणों में आयोजित किये गए! पहला चरण 16 वर्ष तक स्टार जूनियर अवार्ड, दूसरा चरण 17 से 30 वर्ष तक स्टार सीनियर अवार्ड एवं तीसरा चरण 31 से 60 वर्ष वर्ष तक स्टार सुपर सीनियर अवार्ड के रूप में विभक्त किया गया !पत्रकार वार्ता के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजकों ने समस्त संगीत एवं नृत्य प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है!

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए लगाए जा रहे शिविर

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। रीवा जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दो लाख 52 हजार 943 किसानों को मिल रहा है। इन किसानों को तीन समान किश्तों में कुल 6 हजार रुपए की राशि हर साल प्राप्त हो रही है। इसके अलावा कई किसानों के आवेदन पत्र ऑनलाइन दर्ज हुए हैं। इनमें बैंक खाते, ई केवाईसी तथा अन्य कठिनाई के कारण राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इन कठिनाईयों को दूर करने के लिए जिले में 6 दिसम्बर से 15 जनवरी तक शिविर लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के किसानों की कठिनाईयाँ दूर की जा रही हैं। उनके आधार संख्या से जु? बैंक खाते, डीबीटी तथा ई केवाईसी की जानकारी प्राप्त करके ऑनलाइन सुधार किया जा रहा है। जिन किसानों को आवेदन के बाद भी योजना से राशि प्राप्त नहीं हुई है वे कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से बायोमेट्रिक के आधार पर अथवा पीएम किसान पोर्टल में दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से ई केवाईसी करा सकते हैं। बैंक खाते में आधार सीडिंग के लिए किसान अपनी आधार संख्या की फोटोकापी तथा बैंक पासबुक की फोटोकापी के साथ संबंधित बैंक शाखा में संपर्क करके आधार सीडिंग कराएं। पोस्ट आफिस में भी किसान आधार पर आधारित खाता खोलकर योजना का लाभ ले सकते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में भी बैंकर्स द्वारा आधार सीडिंग का कार्य किया जा रहा है।

# रीवा की महिमा नें दिखाया हौसला, कलेक्ट्रेट पहुंचकर जाहिर की पढ़ने की इच्छा, जिला प्रशासन नें किया सहयोग

### पढ़ाई के लिये एनजीओ से दिलाई गई मदद, बच्ची को दिलाया जाएगा सीपीसीटी में प्रवेश

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। समाज में कई ऐसे बच्चे है जो पढ़ाई तो चाहते है लेकिन उन्हें या तो मौका नहीं मिल पाता या फिर वह अपनी इच्छा को जाहिर नही कर पाते। लेकिन रीवा में आज एक बच्ची नें पढ़ाई के लिये ऐसा हौसला दिखाया कि उसकी तारीफ करने के साथ साथ आगे की प?ाई के लिये मदद का आश्वासन मिला है। महिमा सतनामी नाम की एक बच्ची नें कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से आंगे की पढ़ाई की इच्छा जाहिर करते हुये प्रशासन से मदद मांगी। बच्ची के इस हौसले को देखते हुये बच्ची को एनजीओ की मदद से उसकीपढ़ाई के साथ-साथ सुरक्षित रहने और खाने पीने की भी व्यवस्था कराई है। महिमा सतनामी जिले के गोविंदगढ थाना क्षेत्र अमिलकी गांव की रहने वाली



है। महिमा नें हाईस्कूल व हायर सेकड्री के साथ बीएससी व बीएड की पढ़ाई ी है लेकिन उसकी इच्छा आगे औरपढ़ाई करने की है और शिक्षक बनना उसका उद्देश्य है। महिमा सीपीसीटी में दाखिला चाहती थी लेकिन उसकी एवं उसके परिवार की माली हालत उसके आगे की पढ़ाई में बांधा बन रही थी, ऐसे में महिमा नें हौसला दिखाते हुये कलेक्टर कार्यालय पहुंची और कलेक्टर से आगे की पढ़ाई के लिये इच्छा जाहिर की जिसके बाद कलेक्टर नें एडीएम को बच्ची की मदद के लिये निर्देशित किया। बच्ची की वह इच्छा पूरी की गई जिसकी उसने कलेक्टर से जाहिर की थी। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे एवं एडीएम शैलेन्द्र सिंह नें अभ्युदय उपकार फाउंडेशन की मदद से महिमा के रहने खाने पीने के साथ साथ उसके आंगे की पढ़ाई की व्यवस्था कराते हुये सीपीसीटी में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया और उसे आने जाने के लिये साइकल भी उपलब्ध कराई गई। एडीएम शैलेन्द्र सिंह नें कहा कि महिमा नें जिस तरह से पढ़ाई के लिये हौसला दिखाया है वह काबिले तारीफ है और उसकी हर संभव मदद की जाएगी।

# कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री जी के दौरे के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 27 दिसम्बर को रीवा दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री रीवा में आयोजित बैठक में रीवा तथा शहडोल संभाग की कानून और व्यवस्था एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। रीवा तथा शहडोल संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को मुख्यमंत्री जी के दौरे के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर कार्यालय से आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन तथा अन्य संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर शहडोल श्रीमती वंदना वैद्य, कलेक्टर उमरिया श्री बुद्धेश कुमार वैद्य तथा दोनों संभागों के सभी जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित दौरे की तैयारी कर लें। प्रमुख 6 विभागों के अधिकारियों से निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी तैयार कराकर 23 दिसम्बर को शाम तक कमिश्नर कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इसके साथ-साथ ऊर्जा विभाग की भी जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। बैठक में राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएचई,



जलजीवन मिशन, आदिमजाति कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग की मुख्य रूप से समीक्षा की जाएगी। इसके साथ-साथ खाद-बीज के वितरण, धान उपार्जन, खनिज पदार्थों के उत्खनन तथा परिवहन एवं समाज कल्याण योजनाओं की भी समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगाए जा रहे शिविरों को अधिक प्रभावी बनाएं। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों को पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराएं। केसीसी, आयुष्मान कार्ड बनाने, उज्ज्वला योजना तथा बैंकों द्वारा संचालित बीमा योजनाओं की प्रगति बहुत कम दर्ज की गई है। सभी कलेक्टर इसकी समीक्षा करके निर्धारित प्रपत्र में जानकारियाँ पोर्टल में दर्ज कराएं। दोनों संभागों के रीवा और सिंगरौली को छोड़कर सभी जिलों में प्रधानमंत्री जनमन योजना लागू है। इस योजना के तहत अति पिछड़ी जनजातियों विशेषकर बैगा के विकास की कार्ययोजना बनानी है। सभी कलेक्टर योजना के निर्धारित बिंदुओं में सर्वे कराकर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सिंगरौली में बड़ी संख्या में बैगा परिवार हैं। उसे योजना में अभी शामिल नहीं किया गया है। योजना में निर्धारित बिन्दुओं में कार्यवाही करके बैगा परिवारों को समग्र विकास का अवसर दें। योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात कर दें। साथ ही जिला विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर समितियाँ गठित कर दें। इस योजना में 9 विभागों की 11 प्रमुख गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिसमें पक्का आवास, मोबाइल हेल्थ यूनिट, छात्रावास तथा सामुदायिक भवन निर्माण, मोबाइल टावर एवं समाज कल्याण की योजनाएं शामिल हैं।

# जिले भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा से लाभान्वित हो रहे हैं पात्र हितग्राही

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले भर में आयोजित की जा रही है। जिले में 21 दिसम्बर को गंगेव विकासखण्ड के पहरखा में संकल्प यात्रा का शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग तीन सौ व्यक्ति शामिल हुए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। शिविर में 195 व्यक्तियों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया गया। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित क्विज का आयोजन किया गया। इसमें 33 हितग्राहियों ने अपनी भागीदारी निभाई। जिले में 21 दिसम्बर को ही जवा विकासखण्ड के हरदौली, गहिलवार, रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में इटौरा, सौनौरा, जोगिनहाई तथा महसुआ, विकासखण्ड रीवा में बरा एवं रूपौली, विकासखण्ड सिरमौर में कुम्हरा, जु?वानी, देवगांव कला, जामू तथा पाली एवं त्योंथर विकासखण्ड में पटहट कला में संकल्प यात्रा के शिविर आयोजित किए गए। संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा निश्शुल्क जांच एवं उपचार शिविर लगाकर हरदोली में 301, इटौरा में 120, जोगिनहाई में 126, बरा में 418, रूपौली



में 414, कुम्हरा में 115, जामू में 216 तथा पटहट कला में 106 लोगों को लाभान्वित किया गया। इन शिविरों में अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके सक्सेना के नेतृत्व में विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा शिविर लगाकर हितग्राहियों के अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना तथा अन्य योजनाओं के के आवेदन पत्र भरवाए गए। हितग्राहियों के बैंक खातों में आधार सीडिंग भी की गई। संकल्प यात्रा में चल रहे प्रचार वाहन में ऑडियो-विजुअल माध्यम से स?कों के विकास, स्वसहायता समूह गठन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रोचक जानकारी किसानों को दी गई। ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई। जिले में 21 दिसम्बर को नगर परिषद मनगवां तथा नगर परिषद बैकुण्ठपुर में संकल्प यात्रा के शिविर लगाए गए। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी गई।

## संपादकीय

# लोकतंत्र का तमाशा और इंडिया की राह

हमें पहले जीतकर आना होगा, उसके बाद लोकतांत्रिक तरीके से हमारे चुने हुए सांसद तय कर लेंगे कि प्रधानमंत्री पद पर कौन बैठेगा। ये महत्वपूर्ण बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को दिया है। इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक मंगलवार 19 दिसम्बर को दिल्ली में हुई, जिसमें गठबंधन के सभी 28 दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। भाजपा के खिलाफ बने इस विपक्षी गठबंधन की इस बार की बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण थी। मुंबई में हुई तीसरी बैठक के बाद अब जाकर हुई इस चौथी बैठक में काफी लंबा अंतराल रहा, और इस दरम्यान इंडिया गठबंधन को लेकर जितने किस्म की अफवाहें मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए फैलाई जा सकती थीं, वो सब फैलाई गईं। इन अफवाहों में दस बार इंडिया गठबंधन में टूट पड़ी, उसके नेताओं की राहें अलग हो गईं, अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी और नीतीश कुमार जैसे नामों को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बताते हुए यह भी कहा गया कि ये सब कांग्रेस के खिलाफ एक हो सकते हैं। इस बीच हुए विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश में सीटों को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच हुए मतभेद को सीधे अखिलेश यादव की कांग्रेस को चुनौती के तौर पर पेश किया जाने लगा। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की हार को सीधे इंडिया की हार से जोड़ा गया और लगे हाथ ये तर्क भी दिया गया कि अब इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका कमतर हो जाएगी। अब तक कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका में थी, लेकिन अब बाकी दल उसकी बात नहीं सुनेंगे। लेकिन ये तमाम दावे मंगलवार को तब खोखले साबित हो गए, जब बैठक के बाद सभी दलों ने श्री खड़गे को ही प्रेस को संबोधित करने के लिए कहा। इससे पहले खबर ये भी आई कि बैठक में ममता बनर्जी ने गठबंधन के संयोजक पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम को प्रस्तावित किया और अरविंद केजरीवाल ने उसका समर्थन किया। हालांकि अभी संयोजक पद के लिए किसी नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन जिन ममता बनर्जी के लिए कहा जा रहा था कि वे कांग्रेस को अग्रणी भूमिका में नहीं आने देना चाहती हैं, उन्होंने ही श्री खड़गे के नाम को आगे बढ़ाकर ये बता दिया कि आने वाले लोकसभा चुनावों में इंडिया का नेतृत्व कांग्रेस ही मुख्य रूप से करेगी। गौरतलब है कि बैठक के लिए इससे पहले दिल्ली पहुंची ममता बनर्जी ने बयान दिया था कि इंडिया के प्रधानमंत्री उम्मीदवार का फैसला 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद किया जाएगा। इस सीधे बयान को जबरदस्ती तोड़–मरोड़ कर अन्य अर्थों में पेश किया जा रहा था। जबकि सुश्री बनर्जी और श्री खड़गे एक जैसी बात ही कह रहे हैं। दरअसल इस समय देश में जो राजनैतिक माहौल बन चुका है, उसमें इंडिया गठबंधन के सभी दलों को यह स्पष्ट हो चुका है कि उनके लिए एकजुट रहना सबसे बड़ी प्राथमिकता है, बाकी सारी बातें दोयम हैं। यही बात अब देश की जनता को भी समझने की जरूरत है। देश के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक साथ 151 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया जाए। प्रधानमंत्री मोदी भारत के लिए मदर ऑफ डेमोक्रेसी की उपमा देते हैं, लेकिन आज उसी भारत में मर्डर ऑफ डेमोक्रेसी जैसा नजारा बन चुका है। लोकतंत्र तभी जिंदा कहलाएगा, जब सत्ता पक्ष के साथ संसद में विपक्ष भी मौजूद हो। जब विपक्ष को सवाल पूछने और सत्ता से जवाब मांगने पर दंडित किया जाए। जब विपक्ष की गैरमौजूदगी में बिना चर्चा के महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कर कानून बनाने का रास्ता तैयार हो जाए, तब हम कैसे दावा कर सकते हैं कि हमारे देश में लोकतंत्र जिंदा है। संसद तक पहुंचा एक–एक प्रतिनिधि कम से कम अपने संसदीय क्षेत्र के 15–20 लाख लोगों की आवाज बनता है। अब हिसाब लगा लीजिए कि 151 सांसदों को निलंबित कर एक झटके में कितने करोड़ लोगों की आवाज को मोदी सरकार ने खामोश करवा दिया। प्रधानमंत्री मोदी पिछले कुछ वक्त से मेरे देशवासियों, मित्रो या भाइयो–बहनो की जगह मेरे परिवारजनो का संबोधन जनता को देते हैं, तो उनसे पूछा जाना चाहिए कि अपने परिवार के करोड़ों लोगों की जुबान पर ताला लगवाकर आखिर कौन से परिवार धर्म का पालन किया जा रहा है। संसद का नया भवन जब उद्घाटित हुआ था तब श्री मोदी ने विपक्ष को मिलकर साथ चलने की नसीहत दी थी, रोना–धोना छोड़ने कहा था। उनके शब्दों के वास्तविक अर्थ शायद अब जाकर खुले हैं कि असल में प्रधानमंत्री विपक्ष को आगाह कर रहे थे कि संसद में बहस और चिंतन, सवाल और जवाब की परिपाटी पुराने भवन में ही स्मारक की तरह सजा दी गई है, नए भवन में यह सब नहीं होगा, केवल मन की बात होगी। जो कोई मन की बात सुनने से इंकार करेगा, उसे लोकतंत्र पर अच्छा लेक्चर सुनाकर बाहर कर दिया जाएगा। असल में संसद का नया भवन केवल नाम को ही संसद भवन रह गया है, इसे शायद आने वाली पीढ़ियां लोकतंत्र के मकबरे की तरह याद रखें। अगर हम देश की धड़कनों को सुनाने वाली संसद को मकबरे में तब्दील होते नहीं देखना चाहते हैं तो फिर हर हाल में लोकतंत्र की परिपाटियों को जिंदा रखना होगा। और इसके लिए केवल कुछ दलों पर जिम्मेदारी नहीं डाली जा सकती है, बल्कि यह देश के हरेक नागरिक, हरेक संस्था, हरेक राजनैतिक दल का कर्तव्य है। लेकिन फिलहाल इंडिया गठबंधन के दल ही लोकतंत्र के लिए बेचौन नजर आ रहे हैं। क्या भाजपा के सभी नेता संसद में जो कुछ हुआ, उससे सहमत हैं। क्या बसपा, एआईएमआईएम, वाईएसआर कांग्रेस, टीडीपी, बीआरएस, बीजेडी जैसे तमाम दल अब भी लोकतंत्र का तमाशा बनते देख कर चुप रहेंगे। क्या कांग्रेस से उनकी अदावत लोकतंत्र और देश से भी बड़ी है। इन सवालों पर ईमानदारी से जवाब तलाशने होंगे, वर्ना आने वाली पीढ़ियां भारतीय लोकतंत्र को कहानियों में ही सुन पाएंगी।

# डाटा चोर बनते युवा

**आदित्य नारायण**

*साइबर अपराधी घवित्तीय डिटेल का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी से धन चुराने, खरीदारी करने या अन्य उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं। आजकल निजी जानकारियां, निजी मैसेज, फोटो और वीडियो लीक हो रहे हैं।*

इंटरनेट और डिजिटल युग में डाटा चोरी होना बहुत खतरनाक है। आज के समय में डाटा किसी हीरे–जवाहरात से कम नहीं। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से लेकर ऑनलाइन बैंकिंग तक सब कुछ हमारे डाटा से चल रहा है। डाटा चोरी होने की खबरें हमें मिलती रहती हैं। डाटा लीक तब होता है जब अनधिकृत पार्टियों के हाथ संवेदनशील और गोपनीय डाटा लग जाता है। डाटा लीक होने से लोगों और संस्थानों को वित्तीय नुक्सान हो सकता है। साइबर अपराधी घवित्तीय डिटेल का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी से धन चुराने, खरीदारी करने या अन्य उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं। आजकल निजी जानकारियां, निजी मैसेज, फोटो और वीडियो लीक हो रहे हैं। सोशल मीडिया कंपनियों पर आरोप लगते रहे हैं कि वे लोगों के व्यवहार से संबंधित डाटा इकट्ठा कर कंपनियों और राजनीतिक पार्टियों को बेचती हैं। पिछले चुनावों के दौरान कैम्ब्रिज एनालिटिका के डाटा का इस्तेमाल करने का आरोप कुछ नेताओं पर भी लगा था। भारत में इन विषयों पर गंभीर बातचीत इसलिए भी नहीं हो पाती है क्योंकि यहां का सामाजिक विज्ञान बुरी तरीके से मार्क्सवादी विचारधारा के असर में है। मार्क्सवादी स्कॉलर बिहेविअर साइंस यानि व्यवहारवादी विज्ञान को नहीं मानते। हमारे यहां इतिहास और महापुरुषों के बारे में पढ़ने पर काफी जोर है। इसके उलट व्यवहारवादी विज्ञान लोगों के व्यवहार (पसंद–नापसंद) के अध्ययन से यह देखने की कोशिश करता है कि लोग जैसा सोच रहे हैं और व्यवहार कर रहे हैं, वैसा क्यों कर रहे हैं। सोशल मीडिया से लोगों के व्यवहार के बारे में मिले डेटा का इस्तेमाल कंपनियां अपना समान बेचने के प्रचार और विज्ञापनों में करती हैं और प्रोडक्ट में आवश्यक फेरबदल भी करती हैं। राजनीतिक पार्टियां इस डेटा का प्रयोग यह पता लगाने में करती हैं कि कौन सा सामाजिक समूह किस तरह का राजनीतिक व्यवहार करता है और उसे कैसे अपने पक्ष में मोड़ा जा सकता है ? अब तो भारत में डाटा चोरी करना युवाओं का खेल बन गया है। जल्दी से जल्दी या रात ही रात में धन कमाने की लालसा के चलते शिक्षित युवा भी हैकर्स बनते जा रहे हैं। इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के डाटा बैंक से 81 करोड़ भारतीयों का डाटा चोरी होने की खबरों से बवाल मचा था। भारतीय जांच एजेंसियों को करीब दो माह पहले इस डाटा के लीक होने और उसे डार्क वैब पर बेचे जाने का पता चला था। दिल्ली



पुलिस ने तीन राज्यों से चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ के दौरान यह भी माना है कि उन्होंने अमेरिकी जांच एजैंसी फैडरल ब्यूरो ऑफ इनवैसटीगेशन और एक पड़ोसी देश के कम्प्यूटराइज्ड नेशनल आइडेंटिटी कार्ड का डाटा भी चुराया है। पकडे गए चार लोगों में एक ओडिशा का बी–टैक डिग्री धारक युवा है। दो लोग हरियाणा से हैं जिन्होंने स्कूल की पढ़ाई छोड़ दी है और एक व्यक्ति झांसी का है। खुफिया एजैंसी को जब डार्क वैब पर आधार और पासपोर्ट के रिकार्ड्स का डाटा मिला तब उन्होंने जांच को तेज किया। पकड़े गए चारों युवा एक गेमिंग प्लेटफार्म पर मिले थे। उसके बाद यह चारों दोस्त बन गए फिर इन्होंने जल्दी पैसा कमाने के लिए डाटा चुराकर बेचने का फैसला किया। इस पूरे मामले को और इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम (सीईआरटी–इन) को रिपोर्ट किया गया। ये एक नेशनल नोडल एजेंसी है जिसका काम हैकिंग और फिशिंग जैसे साइबर खतरों से निपटना है। इस एजेंसी ने डाटा की प्रामाणिकता जानने के लिए संबंधित विभागों से संपर्क साधा और उन्हें असली डाटा से मिलान करने को कहा। इन विभागों ने पाया कि करीब एक लाख लोगों का डाटा था। इसमें से 50 लोगों का डाटा लेकर उसे वैरीफाई किया गया जो कि असली निकला।" देश के कई राज्यों में कई युवाओं को डाटा चुराने के आरोप में पकड़ा गया है। आरोपियों के पास रक्षा कर्मियों, सरकारी कर्मचारियों, पैन कार्ड धारकों, छात्रों, डी मैट खाता धारकों, अमीर व्यक्तियों का डाटा और मोबाइल नंबर शामिल थ्थे। विदेशी हैकर्स ही नहीं जिस तेजी से भारत के युवा हैकर्स बन रहे हैं और तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, यह प्रवृत्ति कोई अच्छी नहीं है। अब सवाल यह है कि सरकार कम्पनियों पर तो नकेल कस रही है डाटा सुरक्षित रखने के उपाय भी कर रही है लेकिन आईआईटी में दक्ष युवाओं को डाटा चोरी करने से कैसे रोका जाए और सर्वर में सेंध को कैसे रोका जाए, यह बहुत जरूरी है। डाटा को सुरक्षित बनाने के लिए इसके ईको सिस्टम को सुधारना होगा और डाटा सिक्योरिटी को पुख्ता बनाना ही होगा।

# भारतीय शेयर बाजार में तेजी घरेलू और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सकारात्मक दृष्टिकोण पर आधारित

**अंजन रॉय**

भारतीय शेयर बाजार फिलहाल अजेय नजर आ रहा है। शेयर बाजार नयी ऊंचाइयों को छू रहा है और इसके साथ ही निवेशक मालामाल हो रहे हैं। शुक्रवार को इंट्रा–डे ट्रेडिंग में बीएसई सेंसेक्स करीब 1000 अंक बढ़ गया और एनएसई इंडेक्स करीब 300 अंक चढ़ गया है। इस तरह के उत्साहपूर्ण उछाल के बाद अनिवार्य रूप से सवाल उठता है कि क्या ऊपर की ओर रुझान कायम रहेगा या कोई प्रतिक्रिया होगी और कुछ सुधार या गिरावट होंगे? हो सकता है, नवीनतम एआई मॉडल से एक प्रकार का उत्तर देने के लिए कहा जा सकता है। लेकिन ऐसा लगता है कि एआई के जादूगर भी ऐसे सवालों से घबरा जायेंगे। वृद्धि पर समग्र प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, कुछ बाजार विशेषज्ञों को कम से कम इतना तो लगता ही है कि महीने के अंत में सुधार हो सकता है। लेकिन यह अभी भी किसी का अनुमान नहीं है। अधिक प्रासंगिक प्रश्न यह हो सकता है कि वित्तीय बाजारों में ऐसी आशावाद को कौन से कारक प्रेरित कर रहे हैं। इस बार जवाब ढूंढने के लिए दूर–दूर तक नजर नहीं दौड़ानी पड़ेगी। इस बार अनुकूल संयोग है और तेजी कुछ देर तक चल सकती है। लंबे समय के बाद कम मुद्रास्फीति हाल का प्रमुख सकारात्मक विकास हो सकता है। कम मुद्रास्फीति एक आसान धन नीति और इसकी दरों में नीचे की ओर संशोधन की उम्मीदों को बढ़ावा देती है। इधर, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने रेट कट का चक्र शुरू करने के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा है। बल्कि सावधानी बरतने की बात की है और चेतावनी दी है कि आरबीआई मुद्रास्फीति प्रिंटों की बारीकी से निगरानी कर रहा है। लेकिन फिर, केंद्रीय बैंकों के बड़े भाई, यूएस फेड के अध्यक्ष, जेरोम पॉवेल ने बाजार की अपेक्षा से अधिक तेजी से दर संशोधन चक्र की संभावना का संकेत दिया है। इसने बाजार के लिए एक मादक कॉकटेल के रूप में काम किया था। लेकिन यहां और अभी के लिए इस तरह के बेतहाशा उतार–चढ़ाव बहुत अच्छी बातें हैं। ये फीडबैक चौनलों की नकल करते हैं जो एक प्रकार के उत्साह को बढ़ावा देते हैं, भले ही ऐसी चीजें अल्पकालिक होती हैं। हालांकि शेयर बाजार में निवेशक बहुत बड़े नहीं हैं, लेकिन बाजार में इस तरह के व्यापक उतार–चढ़ाव एक प्रकार का श्फील–गुड्य कारक पैदा करते हैं जो उपभोक्ता भावनाओं को मजबूत करने की दिशा में काम करता है। इससे कम से कम निवेशकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और उपभोग मांग में बढ़ोतरी हो सकती है। जब बीएसई सेंसेक्स 70,000 को छू गया था, तो यह ऊंचा दिख रहा था। अब, यह 71,000 से आगे बढ़ रहा है। देखिए किस गति से ये चीजें हो रही हैं। जहां सेंसेक्स को 1,000 अंक चढ़ने में 93 सत्र लगे, वहीं 70,000 से 71,000 तक पहुंचने में इसे केवल एक दिन लगा। तर्कसंगत रूप से कहें तो यह अनिश्चितता का संकेतक है। जब मूड में इतना तीव्र बदलाव होता है तो प्रतिक्रियाएं भी उतनी ही तीव्र हो सकती हैं। लेकिन, इसे एक पल के लिए छोड़ दें, और आइए हम उन कारकों की जांच करें जो इस तरह की चीजों को बढ़ावा दे रहे हैं और ये कितने स्थिर हो सकते हैं। मुख्य रूप से, यह कुछ वैश्विक रुझानों का प्रतिबिंब है जो सीमाओं के पार धन के प्रवाह को प्रभावित कर रहे हैं। जैसा कि हमने उल्लेख किया था, अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व ने इस सप्ताह की शुरुआत में संकेत दिया था कि अमेरिकी मुद्रास्फीति दरों में नरमी को देखते हुए, प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति को समाप्त किया जा सकता है और ब्याज दरों में संभावित कटौती की जा सकती है। अमेरिकी मुद्रास्फीति पिछले वर्ष के 7.5 फीसदी से घटकर अब लगभग 3.5 फीसदी हो गई है। यह एक मजबूत विकास है। इसे कहां तक बनाये रखने की उम्मीद है? क्या मजबूत मूल्य रुझान की वापसी हो सकती है? इसकी संभावना नहीं है क्योंकि अमेरिकी वेतन वृद्धि मुद्रास्फीति की तुलना में तेज चल रही है और अब इसमें कमी आने की उम्मीद है। दूसरे, तेल की कीमतें भी गंभीर निशान छोड़ रही हैं। फेड अध्यक्ष के बयान पर उत्साहजनक प्रतिक्रियाओं की लहर दौड़ गई और अमेरिकी वित्तीय बाजार उत्साहित हो गये। अमेरिकी शेयर बाजार में निवेशकों द्वारा शेयरों की भारी खरीदारी देखी गई और परिणामस्वरूप अमेरिकी बाजार चढ़ गया। दूसरी ओर, अमेरिकी दर में कटौती की प्रत्याशा में, निवेशकों ने अपने विकल्पों की समीक्षा की और अन्य वित्तीय बाजारों में अवसरों की तलाश कर रहे हैं। बॉन्ड बाजार के निवेशकों को भविष्य में कमाई की संभावनाएं क्षीण लग रही हैं और इसलिए वे अन्य बाजारों और अन्य उत्पादों की ओर देखने के लिए बाध्य हैं। धन भारतीय बाजारों में क्यों आना चाहिए? ऐसा इसलिए कि वैकल्पिक बाजार अनाकर्षक दिख रहे हैं। चीन, हाल तक संयुक्त राज्य अमेरिका के अलावा सबसे बड़ा बाजार था, जो धन आकर्षित करता था। हालांकि, चीनी बाजार स्वयं कमजोर हो रहा है और वहां राजनीतिक मालिक चीनी अर्थव्यवस्था के हर विकास को नियंत्रित करना चाह रहे हैं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक कदमों से चीन में बाजार की धारणा बुरी तरह प्रभावित हुई है और बड़ी संख्या में कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। चीन की कंपनियों ने चीनी शेयर बाजार अधिकारियों को लापता मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के बारे में सूचित किया है। इस खबर के परिणामस्वरूप चीनी शेयर बाजारों में गिरावट आई है। बदले में, भारतीय बाजारों में बढ़त जारी है। सबसे पहले, भारत में व्यापक आर्थिक स्थिति अनुकूल है। हाल तक, कीमतें बढ़ रही थीं और सकारात्मक भावनाओं को खतरे में डाल रही थीं। ऊंची ब्याज दरों को लेकर रिजर्व बैंक को हस्तक्षेप करना पड़ा। हालांकि, हाल ही में कीमतों में नरमी आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ने कम प्रिंट दिया है, हालांकि कुछ उछाल देखा गया है। भारत में ब्याज दरें बढ़ने की संभावनाएं कम नजर आ रही हैं। इसलिए, निवेश की संभावनाएं उज्ज्वल हैं। विशेषज्ञ विदेशों से अत्यधिक धन प्रवाह की उम्मीद कर रहे हैं और इससे शेयर बाजार में तेजी आ रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक दिसंबर के पहले दस दिनों में प्रतिदिन औसतन 4000 करोड़ रुपये निवेश कर रहे हैं। पिछले महीने विदेशी निवेशकों ने 9000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ये सभी बातें अमेरिकी फेडरल रिजर्व की संभावित ब्याज दरों में कटौती की घोषणा से पहले की हैं। ये भारत में निवेश को लेकर सकारात्मक भावनाओं के संकेत हैं और यह जारी रहने की संभावना है। निवेशक निवेश में बने रहने का लाभ उठा रहे हैं। अगला वर्ष उन लोगों के लिए निवेशकों का वर्ष होने की संभावना है जो भारतीय इक्विटी में निवेश करने के लिए संसाधन और साहस जुटा सकते हैं।

# सुशासन दिवस पर शासकीय कार्यालयों में ली गई सुशासन की शपथ



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना /राज्य शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार 22 दिसंबर को सतना और मैहर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली। जिला मुख्यालय सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। इसी प्रकार मैहर जिला मुख्यालय में कलेक्टर रानी बाटड ने कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। जिला मुख्यालयों के साथ-साथ जनपद और नगरीय निकाय मुख्यालयों एवं सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ ली गई। एसडीएम कार्यालय अमरपाटन में एसडीएम आरती यादव, एसडीएम कार्यालय मैहर में एसडीएम सुरेश जादव, जनपद पंचायत रामनगर में सीईओ जनपद एमएल प्रजापति सहित अन्य जनपद और नगरीय निकाय के कार्यालयों में सुशासन की शपथ विभाग प्रमुखों द्वारा दिलाई गई। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्व. श्री अटल बिहारी वाजेपयी जी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्च मानदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुये उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर के एक दिवस पूर्व 24 दिसंबर को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस वर्ष 23 दिंसबर को शनिवार और 24 दिसंबर को रविवार का अवकाश होने पर 22 दिसंबर को शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सुशासन की शपथ ली गई।

# शेठ एम.एन हाईस्कूल के बाल वैज्ञानिकों द्वारा तैयार विज्ञान की कृति झोन स्तर पर प्रथम क्रमांक पर ।

## शेठ एम.एन.हाईस्कूल के फ्रकोटरेल फॉर एयर प्यूरीफिकेशनफ्रविज्ञान कृति को स्टेट लेवल पर जाने के लिए चयन किया गया।

## झोन स्तर के गणित विज्ञान प्रदर्शन में सेठ एम.एन.हाईस्कूल का जलवा।

**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**




गुजरात। जी.सी.ई.आर.टी गांधीनगर प्रेरित- झोन लेवल गणित विज्ञान प्रदर्शनी 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक गोता, डायटअहमदाबाद में आयोजित की गई थी । उस प्रदर्शनी में गांधीनगर, मेहसाना, पाटन, अरवल्ली, अहमदाबाद साबरकांठा, बनासकांठा,अहमदाबाद (ग्राम्य) के बाल वैज्ञानिकों द्वारा अपना विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया गया था। जिसमें उत्तर गुजरात युवक मंडल द्वारा संचालित, हमारी स्कूल सेठ एम एन हाईस्कूल के केमिस्ट्री के शिक्षक अर्जुनसिंह वाघेला के मार्गदर्शन में, बाल वैज्ञानिकों पटेल वृंदा और पटेल रिया द्वारा विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया गया था। बाल वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए इस विज्ञानकी कृति ने ने * झोन स्तर * की इस गणितीय विज्ञान प्रदर्शनी में विभाग 4 में पहला नंबर हासिल किया है शेठ एम.एन.हाईस्कूल के बाल वैज्ञानिक पटेल रिया और पटेल वृंदा अपनी इस कृति को 6 जनवरी से 10 जनवरी तक जुनागढ में आयोजित होने वाले राज्य -लेवल गणितीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया जाएगा ..यहां ध्यान देने योग्य बात ऐसी है कि ये दोनों बाल वैज्ञानिक, पटेल रिया और पटेल वृंदा वर्तमान में 12 साइंस में हैं। फिर भी उन्होंने इस विज्ञान मेले में भाग लेने के लिए विशेष क्षमता और संशोधनात्मकशक्ति पेश की है हमारी स्कूल के सभी साइंस शिक्षकगण वर्षाबेन पटेल, रमेशभाई वागडिया,विष्णुभाई प्रजापति ने भी बाल वैज्ञानिकों को मार्गदर्शन प्रदान कियाविजेताओंको,और मार्गदर्शक सभी शिक्षको को संचालक मंडलके सभी सदस्यों और प्रिंसिपाल श्री धनराजभाई ठक्कर द्वारा शुभकामनाओं के साथ बधाई दी गई। राष्ट स्तर के लिए आगे बढ़े एसी विजेता छात्रोंको ढेर सारी शुभकामनाएं ।।


# शंकु यंत्र से छात्रों को बताया सबसे छोटा दिन एवं सबसे लंबी रात की कहानी



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आज 22 दिसंबर को सबसे छोटे दिन एवं सबसे लंबी रात का अवलोकन किया गया। जिला खगोल प्रभारी श्री नरेंद्र कर्मा द्वारा आज 22 दिसंबर को शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोठापुरा में विद्यार्थियों को शंकु यंत्र बनाकर सूर्य के मकर रेखा पर सीधे प्रवेश को शंकु यंत्र के माध्यम से प्रायोगिक तरीके से दिखाया गया। खगोल प्रभारी श्री कर्मा ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक घंटे पर शंकु यंत्र की परछाई का अवलोकन किया गया एवं सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक परछाई से प्राप्त होने वाले रेखा को बनाया गया। यह वास्तविक मकर रेखा पर सूर्य की स्थिति को दिखाता है। इसे सूर्य का मकर राशि में प्रवेश भी कहा जाता है। श्री कर्मा द्वारा छात्रों को इस यंत्र की परछाई द्वारा सूर्य के उत्तरायण को समझाया गया। इस दिन सूर्य की सीधी किरण मकर रेखा पर होती है जिससे वहा गर्मी का मौसम एवं कर्क रेखा वाले हिस्सों पर शीत ऋतु होती है। उन्होंने बताया कि आज 22 दिसंबर के दिन उत्तरी गोलार्ध में सबसे छोटा दिन एवं सबसे लंबी रात होती है।

# पीजी कॉलेज में मनाया एनसीसी दिवस




**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन की एनसीसी विंग 3/36 बटालियन खंडवा द्वारा महाविद्यालय में आज 22 दिसंबर को एनसीसी दिवस मनाया गया। समारोह में जिला न्यायाधीश श्री जीसी मिश्रा एवं महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री दीपक कानूनगो को गार्ड ऑड़ हॉनर दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने अपने सम्बोधन में एनसीसी के महत्त्व को बताते हुए कहा कि एनसीसी की जीवन शैली तथा अनुशासन के कारण मैं आज अपने जीवन में इतना अनुशासित हूँ। उन्होंने देश-प्रेम से ओत-प्रोत कविताओं से विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया। श्री कानूनगो ने अपने उद्बोधन में एनसीसी में चलने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। समारोह में जय शिंदे एवं शुभम रावत को सार्जेंट से तथा मनीष परमार, सागर कर्मा, विजय पंचोली, अमन सांवले को अंडर ऑफिसर तथा इकराम आवासे को सीनियर अंडर अफसर की रेंक से नवाजा गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का संचालन क्रीडा अधिकारी डॉ गगन चौधरी ने किया तथा एनसीसी केयर टेकर श्री संतोष कुमार राठौड़ ने आभार माना। इस अवसर पर डॉ जीएस चौहान, डॉ रविंद्र बर्वे अन्य महाविद्यालयीन स्टाफ, विधि विभाग के विभागाध्यक्ष श्री चंद्रभान त्रिवेदी, विधि महाविद्यालय के विद्यार्थी सहित अन्य विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# अधिकारियों के अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

मुख्यमंत्री द्वारा आगामी सप्ताह में इंदौर संभाग, इंदौर में बैठक ली जाना प्रस्ता वित है। बैठक को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर द्वारा समस्त जिला अधिकारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोई भी जिला अधिकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता से अवकाश/मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। यदि कोई अधिकारी बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर होना पाया जाता है कि उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए संबंधित अधिकारी स्वयं उत्तरदायी रहेंगे।

# विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 08 जनवरी तक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**जिले में संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कन्या शिक्षा परिसर खरगोन में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में कक्षा 6टी में प्रवेश के लिए एमपी टास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। संस्था प्राचार्य श्रीमती वर्षा भटोरे ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 08 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। वहीं परीक्षा की संभावित तिथि 11 फरवरी 2023 निर्धारित की गई है। विशिष्ट विद्यालयों में अनुसूचित जाति वर्ग विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग बैंगा भारिया और गैर अनुसूचित घुमक्कड़ समुदाय के अलावा अपने माता पिता को वामपंथी उग्रवाद कोविड आदि के कारण खो दिया है, विधवा माँ की संतान, दिव्यांग माता पिता की संतान अनाथ या जिन्होंने विद्यालय भवन के लिए भूमि दान की हो आदि वर्ग के छात्र-छात्राओं व ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों को अध्ययन का अवसर मिलेगा।**

# विभिन्न क्षेत्रों से सेवा देने वाले साधकों को किया सम्मानित




**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू। सुभाष सहाय हस्त ट्रस्ट द्वारा चंद्रा लेआउट में आयोजित आठवे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाले साधकों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व लोकायुक्त संतोष हेगड़े, महेंद्र मुणोत ,पुलिस निरीक्षक संजीव गौड़ा ,डॉक्टर शंकर लिंगैया एवं ट्रस्ट के रामे गौड़ा आदि मौजूद रहे।

# सांसद चौधरी के प्रयासों से सोजत को मिली सौगात,केन्द्रीय रेल मंत्री को लिखे पत्राचार और व्यक्तिगत मुलाकातों के बाद रेलवे अंडर ब्रिज की स्वीकृति, रेल मंत्रालय ने जारी किए 05 करोड़ 70 लाख

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



नई दिल्ली/पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य पीपी चौधरी के लगातार प्रयासों के बाद सोजतवासियों को उनकी लंबित समस्या हल हो गई। सांसद चौधरी के द्वारा पूर्व और हाल में ही गई केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी से मुलाकात के बाद सोजत में रेल ब्रिज निर्माण की मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि रेलवे मंत्रालय, भारत सरकार ने इसके निर्माण हेतु 5 करोड़ 70 लाख राशि की स्वीकृति अपनी से ओर दे दी है। यह कार्य रेलवे की अम्ब्रेला 2022-23 की योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुआ है। सांसद चौधरी ने बताया कि सोजत प्रवासों के दौरान क्षेत्रवासियों ने सोजत रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित लेवल क्रॉसिंग (एलसी-53) पर रेलवे अंडर ब्रिज की मांग की जाती रही। इस संबंध में पूर्व में पत्राचारों के माध्यम से यह मांग रखी। हाल में दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री वैष्णव से मिलकर इस मांग को पूर्ण करवाने हेतु पत्र भी दिया गया।

**आरयूबी निर्माण से सैकड़ों गांवों का फायदा-** सांसद चौधरी ने रेलवे मंत्री को सौंपे पत्र में बताया कियायात्री ट्रेनों के अलावा मालगाड़ियों की आवाजाही के कारण यह लेवल क्रॉसिंग संख्या-53 काफी समय बंद ही रहता है। लेवल क्रॉसिंग से जुड़े सड़क मार्ग जो कि इस क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रवासियों के लिए आवाजाही का कम दूरी व समय का उपयुक्त मार्ग है। इस एलसी के अधिकांश समय बंद होने के कारण यहां के सरकारी कर्मचारियों, किसानों, व्यापारियों, छात्र-छात्राओं एवं बीमार जन को लाने-ले जाने हेतु लंबी दूरी के मार्ग का चयन करना पड़ता है। ऐसे में हजारों लोगों को प्रतिदिन समय व आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता है। सांसद चौधरी की मांग पर केन्द्रीय मंत्री ने सकारात्मक कार्यवाही का आवश्वास दिया था। रेलवे अंडर ब्रिज की मांग स्वीकृत होने पर सोजतवासियों में खुशी का माहौल है और सभी सांसद चौधरी के प्रति अपना आभार प्रकट कर रहे हैं। वहीं सांसद चौधरी ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति गहरा आभार जताया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ ने किया योजनाओं का प्रचार-प्रसार,कोठी की संकल्प यात्रा में विधायक प्रतिमा बागरी हुईं शामिल

**पुष्पांजलि टुडे राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना सतना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शहर और गांव के क्षेत्रों में पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। यह यात्रा शुक्रवार जिले के रहिकवारा, जादवपुर, रनेही, उदयसागर, नकैला, सिंहपुर, सांडा, मलगौसा, कुल्हरियाखुर्द, तिघरापाठा, चितगड़, देवरा क्रमांक 1 तथा नगर परिषद कोठी में निकाली गई। नगर परिषद कोठी विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में विधायक रैगांव प्रतिमा बागरी ने शामिल होकर आमजनों को शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि सरकार की मंशा है कि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तथा पात्र हितग्राहियों को मिले, उन्हें लाभ पाने के लिए भटकना नही पड़े। इसी उद्देश्य से हर ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के वार्डों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी लोग आगें आएं तथा योजनाओं का लाभ उठाएं। विधायक श्रीमती बागरी ने कहा कि आमजनो तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना, सरकार का मुख्य उद्देश्य है। जिसके लिये प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ियां घूम-घूमकर योजनाओं से आमजन को रुबरु करा रही हैं। शिविर के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित योजनाओं के स्टाल लगाए गए है, उसका सभी जन लाभ उठायें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथ) का स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविरों में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त शिविरों में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही मृदा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की सबसे बड़ी यात्रा है विकसित भारत संकल्प यात्रा- राज्यपाल श्री पटेल

## गरीब-वंचित वर्ग को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आगे आएं युवा

**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** शुक्रवार को इछावर तहसील की ग्राम पंचायत धामंदा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शासन की अनेक विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितो और दूरस्थ अंचलों में निवासरत अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की




योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ के प्रमाण पत्र वितरित किए।

**अब तक की सबसे बड़ी शासन की लोक कल्याणकारी यात्रा-** इस अवसर पर राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचित हितग्राहियों तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाने की अब तक की सबसे बड़ी यात्रा है। इस यात्रा में अधिकारी आपके गांव पहुंचकर ही आपको योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और लाभ प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत देश विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रत्येक भारतवासी को इस बात पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जनजाति समुदाय के उत्थान और विकास के संकल्प को सिद्धि का अभिनव प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 11500 गावों में यह यात्रा जाएगी। इस यात्रा रथ के दौरान भारत सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित करेगी। उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता को अपनी आदत का हिस्सा बनाना चाहिए। सभी लोग स्वच्छता से जुड़कर अपने गांव अपने शहर और देश-प्रदेश को स्वच्छता में आगे लाने के लिए दृढ़ संकल्पित हों।

**लोक कल्याणकारी यात्रा से लाभान्वित होंगे वंचित वर्ग के लोग-** राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा कि इस यात्रा का मूल उद्देश्य वंचित हितग्राहियों को आगे से योजनाओं का लाभ प्राप्त करवाना है। बालिका समृद्धि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत निरामय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल हैं। प्रधानमंत्री किसान कल्याण, किसान सम्मान निधि, केसीसी कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा तथा जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन, विश्वकर्मा योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

**युवा वर्ग वंचितों को योजनाओं का लाभ दिलाने आगे आए-** राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से होने वाली बीमारियों से मुक्ति दिलाई है। स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया है। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि ऐसे लोग जो शासकीय योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह गए हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने और जागरूक करने में योगदान दें।

**शहीद जितेंद्र कुमार वर्मा के माता-पिता व पत्नी को किया सम्मानित-** कार्यक्रम में ÷मेरी कहानी मेरी जुबानी÷ के तहत प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही श्री सुंदरलाल ने पक्के आवास में रहने के अपने अनुभव साझा किए। इसी तरह हितग्राही सुंदरलाल ने प्रधानमंत्री स्प्रिंकल सिंचाई योजना का लाभ तथा कपिलधारा कूप से मिले लाभ के बारे में बताया। इस तरह अनेक हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर जीवन में आए बदलावों के बारे में बताया। इस दौरान राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने धामंदा के शहीद श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा के पिता श्री शिवाजी तथा माता श्रीमती धापू बाई एवं पत्नी श्रीमती सुनीता को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को विकसित भारत का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का पूर्व में दिया गया उद्बोधन सुनाया गया।

**योजना से जुड़े 4500 हितग्राही-** कार्यक्रम के आरंभ में प्रभारी कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत जिले के दो लाख 25 हजार नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा बीमा का कवर प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत जिले को आवंटित तीन लाख तीन हजार लक्ष्य के विरूद्ध तीन लाख तीस हजार उज्जवला गैस




कनेक्शन प्रदान किए जा चुके है। आज तक जिले में कुल 7 लाख हितग्राहियों के अयुष्मान कार्ड बनाए गए है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अब तक 29 पीएम आवास, 4500 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है। पीएम किसान सम्मान निधि के 702 तथा पीएम स्वनिधि 105 के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

**राज्यपाल ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन-** राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई हितग्राही मूलक योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभागीय अधिकारियों से योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सिकिल सेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण, आष्युमान कार्ड निरामय योजना, आयुष स्वास्थ्य शिविर, स्वनिधि योजना, पीएम पोषण योजना, किसान समृद्धि केन्द्र, प्राकृतिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत कृषि यंत्र एवं ड्रोन प्रदर्शन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना सहित 18 विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई।

**प्रमाण पत्र वितरण-** कार्यक्रम के समापन पर राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने आयुष्मान योजना के हितग्राही श्री संतोष, उज्जवला योजना की हितग्राही श्रीमती भावना शर्मा, स्वामित्व योजना के हितग्राही संतोष सिंह को हितलाभ वितरण का प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके साथ ही राज्यपाल श्री पटेल ने धामंदा ग्राम पंचायत को ओडीएफ ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र सरपंच रेखा बाई को दिया।

**कार्यक्रम में यह थे उपस्थित-** धामंदा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में इछावर विधायक करण सिंह वर्मा, आष्टा विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, सरपंच श्रीमती रेखा बाई, भोपाल संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा, आईजी श्री अभय सिंह, प्रभारी कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एसपी श्री मयंक अवस्थी, सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता उपस्थित थे।

बालिका शिक्षा राष्ट्र निर्माण में पहला कदम

महिलाएं सशक्त होंगी तो देश सशक्त होगा

कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में राज्यपाल श्री पटेल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा, राष्ट्र निर्माण में पहला कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। महिलाएं शिक्षा के माध्यम से परिवार, समाज और देश के विकास में महती योगदान दे सकती हैं।

श्री पटेल ने कहा कि समाज और देश तभी समृद्ध होगा, जब महिलाएं शिक्षित और स्वावलंबी होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बड़ रही है। महिलाएं सेना, विज्ञान, राजनीति, खेल सहित हर क्षेत्र में कामयाबी के नए आयाम स्थापित कर अपने परिवार तथा देश का नाम रौशन कर रही हैं। उन्होंने कन्या शिक्षा परिसर की बालिकाओं से कहा कि वे सफल महिलाओं से प्रेरणा लेकर आगे बड़ें और पूरे लगन से परिश्रम करें।

**विद्यार्थियों को किया सम्मानित-** राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल ने बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर आयुषी सल्लाम, खेल के लिए नीतू बरेला, दीपिका बरेला, आशा करमा तथा बेस्ट हाउस के रूप में झलकारी बाई एवं बेस्ट स्टॉफ श्री शंकर लाल को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान 12वीं अध्ययनरत छात्रा लक्ष्मी ने कन्या शिक्षा परिसर के बारे में अपने अनुभव बताए। कार्यक्रम के समापन पर राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने पौधारोपण भी किया।इस अवसर पर सीहोर विधायक श्री सुदेश राय, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य श्री सीताराम यादव, कमिश्नर श्री पवन कुमार शर्मा, आईजी श्री अभय सिंह, प्रभारी कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एसपी श्री मयंक अवस्थी, सूर्या फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन श्री मुकेश त्रिपाठी, हेमन्त शर्मा, प्रबंधक श्री सतेन्द्र सिंह उपस्थित थे। कन्या शिक्षा परिसर की प्राचार्य श्रीमती प्रमिला राही पांडे ने स्कूल की उपलब्धियों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



हर साल एक नया अहसास है ठंड का मौसम। इस बार ठंड में सर्दी-जुकाम से डरने की जगह इनसे लड़ने के लिए खुद को और अपने परिवार को तैयार कीजिए। ठंड के लिए ऐसे ऊनी कपड़ों का चुनाव कीजिए, जो आपके परिवार को पर्याप्त गर्माहट दे और साथ ही स्टाइलिश लुक भी। कैसे चुनें ऊनी कपड़ों और उनकी देखभाल के दौरान किन बातों को ध्यान में रखें -

# सबसे खास सर्दियों का अहसास



सर्दी के मौसम में बदरंग और बोरिंग दिखने के दिन अब लद गए। जाड़े का मौसम भी अब स्टाइलिश हो गया है। ठंड से बचने के लिए अब जरूरी नहीं कि खुद को बोरिंग और गहरे रंग के कपड़ों के हवाले कर दिया जाए। ठंड से खुद को और अपने परिवार को बचाते हुए अब आप स्टाइलिश भी दिख सकती हैं, पर इसके लिए जरूरी है कि अपने कपड़ों का चुनाव आप सोच-समझकर करें और साथ ही गर्मी के कपड़ों और ठंड के कपड़ों के बीच अच्छा तालमेल भी बिठाएं।

## लेयरिंग का है मौसम

वो दिन गए जब ठंड के मौसम में अपने कपडों की परत को छुपाने की कोशिश करते थे। अब एक साथ दो-तीन कपड़े पहनने और उन्हें दिखाने का ट्रेंड आ गया है। अपने ठंड के कपड़ों को निकालें और तरह-तरह के कॉम्बिनेशन मे उन्हें पहनें। जरूरी नहीं है कि ठंड का मौसम आते ही आप अपने गर्मी वाले कपड़ों को अलविदा कह दें। उन्हे भी ठंड के मौसम में अपने गर्म कपड़ो के बीच जगह दें। ठंड के मौसम में फैशनेबल दिखने का मूलमंत्र यही है। अपने जैकेट, कार्डिगन और पुलोवर को अपने कॉटन के शर्ट या ड्रेस के साथ पहनें। एक्सपेरिमेंट करने से नहीं घबराएं। एक्सपेरिमेंट करेंगी, तभी कपड़ो की कई परत के साथ भी औरों से अलग दिखेंगी।

## सोच-समझकर चुनें रंग

ठंड के मौसम में हमेशा गहरे और आकर्षक रंग चुनें। पेस्टल रंग के कपड़े ठंड के मौसम को नीरस बना देंगे। ठंड के कपड़े खरीदते वक्त ऐसे रंग चुनें जो इस बदरंग मौसम में रंग भरें। ऐसे स्वेटर या ऊनी कपड़े न चुनें, जिसके पैटर्न में एक साथ ढेर सारे रंग हों। साधारण पैटर्न और एकाध रंग वाले ऊनी कपड़े चुनें। ऑरेंज, गोल्डन ब्राउन, ऑफ व्हाइट या फिर पीले रंग वाले ऊनी कपड़े पहनने से बचें।

## एक्सेसरीज भी बदलें

अपनी एक्सेसरीज में बदलाव लाकर आप अपने लुक को बेहद आसानी से बदल सकती हैं। अगर ठंड बहुत ज्यादा है तो पशमीना शॉल को अपने वॉर्डरोब में शामिल करें। साथ ही आप स्टाइलिश मफलर और फर वाले स्टोल से भी स्टाइल स्टेटमेंट बना सकती हैं। हैट्स और ऊनी टोपी भी ठंड के मौसम में आपको स्टाइलिश लुक देंगे और ठंड से भी बचाएंगे।

## फ्लोरल प्रिंट्र से बनाएं दूरी

फ्लोरल प्रिंट के कपड़े गर्मी के मौसम में ही ज्यादा अच्छे लगते हैं। अगर आपको ये प्रिंट बहुत ही ज्यादो पसंद हैं और आप ठंड मे भी इन्हें पहनना चाहती हैं तो ठंड के मौसम में थोड़े गहरे प्रिंट वाले कपड़े अपने लिए चुनें। ठंड के मौसम के आपके वॉर्डरोब में ये गहरे फ्लोरल पिंट्र वाले कपड़े आसानी से घुल-मिल जाएंगे। अगर आप फ्लोरल प्रिंट्र वाले कपड़े पहन ही रही हैं तो पूरी बाजू वाले कपड़े चुनें। इससे फ्लोरल प्रिंट का असर कुछ कम हो जाएगा।

## बूट्स से बनें फैशनेबल

गर्मियों के फुटवियर को कुछ माह आराम दे और जूते और बूट्स को अपने वॉर्डरोब में शामिल करें। अपनी गर्मी के मौसम के कपड़े को ठंड वाला लुक देने के लिए इससे बेहतर तरीका कुछ और नहीं। जींस और कार्डिगन के साथ बूट्स पहनें और ठंड से बचने के साथ-साथ इस मौसम के अनुकूल लुक भी पाएं।

## बच्चों जैसे मुलायम, उनके कपड़े

ठंड से मासूम बच्चों को बचाकर रखना आसान काम नहीं है। बच्चों के लिए ठंड का मौसम सेहत भरा रहे, इसके लिए जरूरी है कि इस सर्द मौसम मे भी वो पूरी तरह से गर्म रहें। बच्चों के लिए ठंड के कपड़ो का चुनाव करते वक्त इसलिए हमेशा फैशन और ट्रेंड की जगह उनके आराम और कपड़ों की गर्माहट का ध्यान रखें। बच्चों के लिए हमेशा मुलायम और आरामदायक ऊनी कपड़े चुनें। कपड़े का फैब्रिक ऐसा हो जो उनकी मुलायम त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचाए। बच्चों के ऊनी कपड़े हमेशा थोड़े हल्के रंग के चुनें ताकि आपको आसानी से पता चल सके कि वो कब गंदे हो गए हैं और उन्हें साफ करने की जरूरत है। बच्चे को कभी भी एक साथ ढेर सारे कपड़े न पहनाएं। बहुत ज्यादा कपडे पहनाने पर उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। बच्चे के लिए ढीली फिटिंग वाले और ढेर सारे बटन वाले ऊनी कपड़े चुनें ताकि इन कपड़ों को पहनाते और उतारते वक्त आपको और आपके बच्चे दोनों को परेशानी न हो। बच्चे के लिए पूरी बाजू वाले ऊनी कपडे चुनें ताकि उनके हाथ भी गर्म रहें। अगर ठंड बहुत ज्यादा हो तो बच्चे के कान में रुई के फाहे डाल दें और ऊनी टोपी या स्कार्फ पहनाएं ताकि बच्चे का सिर भी गर्म रहे। कभी भी बच्चे को सबसे पहले ऊनी कपड़ा न पहनाएं। पहले नीचे कोई सूती कपड़ा पहनाएं और उसके ऊपर से उसे ऊनी कपड़ा पहनाएं। बच्चे की त्वचा मे किसी तरह की एलर्जी न हो, इसलिए ठंड के मौसम में उसके पूरे शरीर में हर दिन विंटर क्रीम लगाएं। ठंड बहुत ज्यादा हो, तब भी सोते वक्त बच्चे को ढेर सारे कपड़े न पहनाएं और न ही उनके ऊपर ढेर सारे कंबल डालें। बच्चे के पैरों को गर्म रखने के लिए उनके लिए ऐसे पाजामे खरीदें, जिनके साथ जुराबें जुड़ी हुई रहती हैं। बच्चे के हाथ भी जल्दी ठंडे हो जाते है, इसलिए उनके हाथों को गर्म रखने के लिए उन्हें ग्ल्व्स पहनाना न भूलें।

## खिल उठेंगे आपके ऊनी कपड़े

- ऊनी कपड़ो की ओर बैक्टीरिया और धूल-मिट्टी जल्दी आकर्षित होते हैं, इसलिए अपने जैकेट और कोट को नियमित अंतराल पर ब्रश से साफ करें। इससे आपके सर्दियों के कपड़े न सिर्फ साफ रहेंगे, बल्कि किसी तरह की स्किन एलर्जी और रैशेज होने की आशंका भी नही रहेगी।
- ठंड के कपड़ों को बीच-बीच में धूप में सुखाएं। पर ध्यान रहे कि सूरज की तेज रोशनी आपके ऊनी कपड़ों पर सीधी न पड़े। ऐसा करने से आपके ऊनी कपड़े बदरंग हो जाएंगे। वहीं धूप में ऊनी कपड़ों को सुखाने से उसकी नमी गायब हो जाएगी और साथ ही सभी कीटाणु भी मर जाएंगे। ऊनी कपड़े को धूप में सुखाने से वो न सिर्फ आपको ज्यादा गर्माहट देंगे, बल्कि उन्हें पहनने पर भी आपको ज्यादा अच्छा महसूस होगा।
- अपने भारी-भरकम स्वेटर को वॉर्डरोब में लटकाकर नहीं रखें। भारी स्वेटर को लटकाकर रखने से स्वेटर की फिटिंग बिगड़ जाती है। साथ ही हैंगर से स्वेटर को लटकाकर रखने से कंधे वाले हिस्से के जल्दी फटने की आशंका बढ़ जाती है।
- ऊनी कपड़े बेहद नाजुक होते हैं। लंबी उम्र देने के लिए ऊनी कपड़ो को धोने के लिए हमेशा माइल्ड साबुन या डिटर्जेंट और गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। माइल्ड साबुन और डिटर्जेंट के इस्तेमाल से आपके ऊनी कपडमे की चमक और उनका वास्तविक लुक बरकरार रहेगा। गुनगुना पानी आपके ऊनी कपड़ों में छिपे कीटाणुओं को मारेगा और उसकी स्वच्छता को बरकरार रखेगा।
- स्वेटर और कार्डिगन में अकसर रोंए हो जाते हैं। ये रोंए स्वेटर और किसी अन्य वस्तु के बीच रगड़ खाने से होते हैं। ये रोंए आपके नए और स्टाइलिश स्वेटर को भी पुराना और गंदा लुक दे सकते हैं। इन रुंओं को हटाने के लिए छोटे रेजर का इस्तेमाल करें और अपने स्वेटर को फिर से नया लुक दें।
- अपने स्वेटर पर लगे दाग-धब्बों को हटाने के लिए कभी भी उन पर ब्लीच का इस्तेमाल न करें। ब्लीच के इस्तेमाल से आपका स्वेटर बदरंग हो जाएगा। कभी भी ऐसे डिटर्जेंट में स्वेटर न धोएं, जिसमें ब्लीच हो।
- एक ही स्वेटर को तीन दिन से ज्यादा लगातार न पहनें। ऐसा करने से स्वेटर का शेप बिगड़ जाता है। साथ ही आपका स्वेटर जल्दी खराब और पुराना भी हो जाएगा।



# ठंड में बच्चा न हो पस्त

अचानक मौसम परिवर्तन का असर सभी पर होता और इससे छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सर्दी, जुकाम और गले में इंफेक्शन के अलावा छोटे बच्चों को ये परेशानियां सबसे ज्यादा होती हैं -

**रोटा वायरल डायरिया** - इसमें बच्चे को दस्त, उल्टी और बुखार एक साथ होता है। बच्चे के शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है और बुखार के कारण वह सुस्त और चिड़चिड़ा हो जाता है। बच्चा कभी-कभी बहुत कमजोर भी हो जाता है।

**एलर्जी और अस्थमा** - इस मौसम में बच्चों को सांस संबंधी परेशानी भी होती है। बंद नाक और गले में जकड़न के साथ नाक और आंख से पानी भी गिरता रहता है। तेज हवा और प्रदूषण से सांस लेने में दिक्कत आने लगती है।

**आंखों में इंफेक्शन** - इस मौसम में आंखों में भी इंफेक्शन होने लगता है। आंखों की पलकें रात मे चिपक जाती हैं और सुबह बच्चे को आंख खोलने में परेशानी होती है।

**त्वचा में लाल दाने** - सर्दी में त्वचा में रैशेज और दाने की समस्या प्राय- छोटे बच्चों में हो जाती है। इसका कारण एलर्जी और हार्मोन में बदलाव के साथ ठंडी हवा भी है।

**निमोनिया** - यह ठंड के मौसम में बच्चों को होने वाली सबसे आम समस्या है। इसमें बच्चे को तेज बुखार होता है और साथ ही उसका सिर बहुत गर्म रहता है। कभी-कभी बच्चे के लंग्स में भी दिक्कत हो जाती हैं।

## क्या है कारण

**ठंड में प्रतिरोधक क्षमता का कम होना** - सर्दी के मौसम में बच्चों के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता सामान्य दिनों से कम हो जाती है। इसलिए किसी भी प्रकार का मौसम परिवर्तन का असर तुरंत बच्चे पर पडता है।

**बड़ों की लापरवाही** - अक्सर बड़े बच्चों को ठंड के मौसम में आलस के कारण हाथ धोए बिना ही गोद में उठा लेते हैं। ठंडे हाथ भी उन्हें लगाते हैं। कीटाणु का ध्यान नहीं रखते। इस वजह से उन्हें इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है।

**किसी भी चीज को मुंह में लेना** - अक्सर बच्चे कलम के कैप या नीचे गिरी हुई चीजों को मुंह में लेते हैं जिससे उन्हें पेट में दर्द या दस्त की समस्या हो जाती है।

**नैपी के गीलेपन का ध्यान न रखना** - आम मौसम की अपेक्षा ठंड में बच्चे ज्यादा पेशाब करते हैं। अगर नैपी के गीलेपन का ध्यान न रखा जाए तो बच्चों को न केवल ठंड लग जाती है बल्कि उनके शरीर के आंतरिक हिस्से में सूजन और इंफेक्शन भी हो सकता है।

**कमरे के तापमान का ध्यान न रखना** - ठंड में बच्चे को अधिक गर्म कमरे में ना रखें। कमरे का तापमान सामान्य होना चाहिए। अधिक गर्म वातावरण से अगर बच्चा सामान्य तापमान में जाता है तो उसे तुरंत सर्दी असर करती है।

## कैसे करें बचाव

**सफाई का रखें ध्यान** - धूल, धुएं और गंदगी से छोटे बच्चों को दूर रखें। इससे उन्हे सांस की समस्या के साथ दस्त भी हो सकती है। घर की सफाई का पूरा ध्यान रखें।

**नहलाना कम करें** - रोज नहलाने के बजाय हर दूसरे दिन छोटे बच्चों को गर्म पानी में सॉफ्ट एंटीबैक्टीरियल लिक्विड डालकर उसमें नर्म तौलिया भिगोकर उनका शरीर साफ कर दें।

**गर्म कपड़े पहनाएं** - जैसे ही मौसम बदले, बच्चे को गर्म कपड़े पहनाना शुरू कर दें। हल्की ठंड को नजर अंदाज ना करें और बच्चे को हमेशा मोजे पहना कर रखें।

**मालिश के लिए गर्म तेल का प्रयोग करें** - यूं तो मालिश बहुत जरूरी नहीं है, लेकिन यदि आप मालिश कर रही हैं तो इसके लिए गर्म तेल का प्रयोग करें।

**संभव हो तो थोड़ी देर धूप में रखे** - अगर आपके घर में धूप आती हो तो बच्चे को गर्म कपड़े पहना कर थोड़ी देर के लिए धूप में रखें। उसे ताजी हवा और विटामिन डी दोनों मिलेंगे।

**ठंडी चीजें खाने को न दें** - अगर आपका बच्चा 7 माह से अधिक का है और वह खाना खाता है, तो उसे ठंडी चीजें न खिलाएं और साथ ही उसे बासी खाना या ठंडा खाना भी न दें।

**बेहतर क्वालिटी के स्वेटर पहनाएं** - स्वेटर हमेशा अच्छी क्वालिटी का पहनाएं, क्योंकि वूलन से कभी-कभी त्वचा में एलर्जी हो जाती है।



बुजुर्ग और बच्चे ठंड के मौसम में सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। बुजुर्ग तो अपनी तकलीफ बता सकते हैं, पर बहुत छोटे बच्चे तो वो भी नहीं कर सकते। अगर आप ठंड की शुरुआत से ही सावधानी बरतें तो आपका बच्चा सर्दियों में भी मुस्कुराता रहेगा। छोटे बच्चों की ठंड में कैसे देखभाल करें, बता रहे हैं शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ

# वेडिंग लुक तालमेल है जरूरी

इन दिनों ज्यादातर वुड बी कपल अपनी शादी के मौके पर कॉम्प्लिमेंट्री लुक अपना रहे हैं। कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग लुक दूल्हे दुलहन के बीच की जबर्दस्त केमिस्ट्री को दर्शाता है। इस लुक को क्रिएट करने के कई तरीके हैं जिन्हें वुडबी कपल्स अपनी पसंद के हिसाब से अपना सकते हैं।



बहुत बुरी कुक हूं। लेकिन तुम्हारी कुकिंग का जवाब नहीं है। तुम ओवर इमोशनल हो और मैं प्रैक्टिकल। एक लाइन में कहूं तो हम दोनों एक दूसरे को बैलेंस करते हैं। हम परफेक्ट लाइफ पार्टनर हैं क्योंकि हमारा आपसी तालमेल बेजोड है। मैं चाहती हूं कि यही तालमेल हमारे वेडिंग डे पर हमारे लुक मे भी नजर आए। यह तर्क सामने रखकर अंशिका ने अपने मंगेतर अंश को कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग डे लुक क्रिएट करने के लिए राजी कर ही लिया। अंशिका और अंश की तरह इन दिनों ज्यादातर वुड बी कपल अपनी शादी के मौके पर कॉम्प्लिमेंट्री लुक अपना रहे हैं। कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग लुक दूल्हे दुलहन के बीच की जबर्दस्त केमिस्ट्री को दर्शाता है। इस लुक को क्रिएट करने के कई तरीके हैं जिन्हें वुडबी कपल्स अपनी पसंद के हिसाब से अपना सकते हैं।

## कलर केमिस्ट्री

जो कपल्स जटिल की जगह सहज अभिव्यक्ति को तरजीह देते हैं, उन्हे रंगों पर आधारित कॉम्प्लिमेंट्री लुक चुनना चाहिए। इस तरह की मैचिंग में कलर व्हील की मदद ली जा सकती है। व्हील में एक-दूसरे के सामने आने वाले रंग एक दूसरे को कॉम्प्लिमेंट करते हैं। जैसे, ऑलिव-मरून, रस्ट-मिडनाइट ब्ल्यू और वायलेट-ऑरेंज आदि। इन रंगों के बीच जबर्दस्त कंट्रास्ट फैक्टर होता है जिसके चलते इनका कॉम्बिनेशन बेहद वाइब्रेंट लगता है। ऐसे मे दूल्हा-दुलहन इन कॉम्प्लिमेंट्री कलर्स के परिधान पहन सकते हैं।

## काल आधारित

इन दिनों किसी विशेष काल पर आधारित वेडिंग वेयर पहनने का चलन जोरों पर है। वुडबी कपल्स मुगल काल, विक्टोरियन काल या विंटेज काल पर आधारित परिधान पहन सकते हैं। जैसे विंटेज काल में प्रचलित रंग और एंब्रॉयडरी दुलहन के लहंगे और दूल्हे के कुर्ते में नजर आए। लेकिन इस तरह की मैचिंग करते समय कपल्स को ध्यान रखना चाहिए कि वह किसी काल के दो या तीन फीचर्स को ही अपने परिधानों के माध्यम से अभिव्यक्त करें। बहुत ज्यादा फीचर्स की अभिव्यक्ति उन्हें वेडिंग कपल्स की जगह किसी ऐतिहासिक नाटक का पात्र बना देगी।

## वर्क या प्रिंट आधारित

परिधानों पर किए गए वर्क या प्रिंट में तालमेल बैठाना भी ब्राइड और ग्रूम के लुक मे कोऑर्डिनेशन का एक बेहतरीन तरीका है। आप विभिन्न तरीको से एंब्रॉयडरी या प्रिंट के आधार पर यह तालमेल बैठा सकते हैं। जैसे, दुलहन के दुपट्टे और दूल्हे के स्टोल की एंब्रॉयडरी एक जैसी रख सकते है। इसी तरह दुलहन के लहंगे के पैनल का प्रिंट दूल्हे की पगडी के प्रिंट में भी नजर आ सकता है। या दूल्हे और दुल्हन के परिधानो के बॉर्डर मे एक कॉमन प्रिंट हो सकता है।

## एक्सेसरीज आधारित

कॉम्प्लिमेंट्री एक्सेसरीज पहनना भी ब्राइड और ग्रूम के लुक में सामंजस्य बैठाने का एक खास तरीका है। आप चाहें तो कॉम्प्लिमेंट्री एन्गेजमेंट रिंग्स, ब्राइडल वॉच-ग्रूम कफलिंग या ब्राइडल ईयररिंग्स-ग्रूम कफलिंग्स जैसे कॉम्बिनेशन कैरी कर सकती हैं। ब्राइड और ग्रूम की ज्यूलरी में कॉम्प्लिमेंट्री कलर स्टोन का इस्तेमाल भी अच्छा लगेगा।

## विशेष टिप्स

- ब्राइड और ग्रूम को अपनी पसंद के हिसाब से कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग लुक तय करना चाहिए।
- आप कॉम्प्लिमेंट्री लुक क्रिएट करने के दो तरीकों को कंबाइन भी कर सकते है। जैसे कॉम्प्लिमेंट्री कलर्स और एंब्रॉयडरी वाले परिधान ट्राई कर सकते हैं। इसी तरह किसी एक काल पर आधारित परिधानो के साथ आप कॉम्प्लिमेंट्री ज्यूलरी भी पहन सकते हैं।

वार्ड क्रमांक 11 की भाजपा पार्षद नीलम बघेल ने अपने ही सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# वार्ड की मूल भूत सुविधाओं को लेकर वार्ड की महिलाओं के साथ किया नगर पालिका के गेट पर लगाया ताला

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - शिवपुरी नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 11 की भाजपा पार्षद नीलम बघेल ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने वार्ड की समस्याओं के निराकरण न होने के चलते नगर पालिका परिषद के मुख्य दरवाजे पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षद के साथ दर्जनों महिलाएं भी आईं थी, वहां पहुंचकर इन्होंने नगर पालिका मुर्दाबार के नारे लगाए।बता दें कि तालाबंदी के दौरान भाजपा की ओर से चुनी गईं निर्विरोध नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा को नगर पालिका परिसर में कैद होकर रहना पड़ा। पार्षद और महिलाओं के हंगामे को देखते हुए पुलिस ने भी मोर्चा संभाल लिया गया।पार्षद ने लगाए नपा पर सुनवाई न होने के आरोप, बोलीं- जनता परेशान वार्ड 11 की भाजपा पार्षद नीलम बघेल ने बताया कि वह चार बार से पार्षद हैं। उनके वार्ड की जनता सड़क, पानी, गंदगी से परेशान है। लगातार वार्ड वासियों के द्वारा परेशानियों से निजात दिलाए जाने की फ़रियाद लगाई जा रही है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रबंधनहाथ पर हाथ रखे बैठा है। उनके यहां एक माह से दोहाथ पर हाथ रखे बैठा है। उनके यहां एक माह से दो पानी के बोरवेल खराब पड़े है लेकिन अब तक उन्हें ठीक नहीं कराया गया है, जब तक वार्ड में पानी की सप्लाई टैंकर से कराने की मांग की गई थी लेकिन उनकी यह सुनवाई भी नपा प्रबंधन द्वारा नहीं की गई। एक दो दिन सिंध जलवर्धन योजना के तहत सप्लाई होती है फिर दो माह के लिए बंद हो जाती है। जबकि पानी के बिल बराबर वसूले जा रहें है।



**तीन बार हुआ सड़कों का भूमि पूजन, लेकिन निर्माण कार्य नहीं हो सका शुरू**-भाजपा पार्षद नीलम बघेल ने नपा प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके वार्ड की महाराणा कॉलोनी में एक सड़क का भूमि पूजन नपा द्वारा करवा दिया गया है। लेकिन अब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया है। इधर नपा प्रबंधन भी पैसा न होने से सड़क निर्माण न हो सकने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। नपा अध्यक्ष ने तमाम सड़कों के भूमिपूजन कर छोड़ दिया है लेकिन निर्माण के कार्य को शुरू नहीं किया गया।
पार्षद नीलम बघेल का कहना वह पीआईसी मेंबर हैं नगर पालिका में कमीशन खोरी का खेल चल रहा है। नपा का संचालन नपा अध्यक्ष के पति द्वारा किया जा रहा है। निर्माण कार्य और कई फाइलें पहले नपा अध्यक्ष पति के पास पहुंचती है इसके बाद उन्हें स्वीकृति मिलती है। आज नपा के कई पार्षद और महिला पार्षद के पति नगर पालिका में ठेकेदारी कर रहे हैं। सुबह से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन दोपहर तक चलता रहा, वहीं कुछ भाजपा पार्षद और कांग्रेस के पार्षद ने धरने का समर्थन किया, तो वहीं कुछ पार्षदों ने धरने से दूरी बनाकर रखी जिनको पार्षदी के साथ ठेकेदारी मिल गई वह सभी पार्षद धरना प्रदर्शन से दूर रहे।
**नपा अध्यक्ष बोलीं- समस्या नहीं बताई थी कैसे होती सुनवाई**-इस मामले में नगरपालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने अपनी बात को सीमित रखते हुए कहा कि बोरवेल के खराब होने की सूचना पार्षद द्वारा नहीं दी गई थी आज उन्हें पता लगा है, आज शाम तक बोरवेल की ठीक करा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क निर्माण न करने बाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई कर फिर टेंडर जारी कर सड़क का निर्माण कार्य पुनः कराया जाएगा ओर जो ठेकेदार बार बार टेंडर डाल कर स?को का निर्माण नही करते उनको ब्लैक लिस्ट किया जाएगा

# विश्व प्रसिद्ध पखावज वादक राधेश्याम शर्मा आज तानसेन समारोह में देंगे अपनी प्रस्तुति

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- 99वां विश्व प्रसिद्ध संगीत समागम कार्यक्रम तानसेन समारोह पूर्वरंग गमक का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध पखावज वादक राधेश्याम शर्मा नई दिल्ली द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति दी जायेगी। 22 दिसम्बर (शुक्रवार) को सांय 06 बजे टाउन हॉल, पोलो ग्राउंड के सामने शिवपुरी में 99वां विश्व संगीत समागम तानसेन समारोह पूर्वरंग गमक का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम में सुश्री स्मिता मोकाशी इंदौर गायन, बसंत शर्मा एवं विठ्ठल राजपुरा इंदौर सरोद पर अपनी प्रस्तुति देंगे और सरोद एवं पखावज की जुगलबंदी से श्रोताओं को आनंदित करेंगे। इनके साथ तबले पर सुश्री संगीता अग्निहोत्री एवं सारंग लासुरकर, रहेंगे। हारमोनियम पर रचना शर्मा एवं सारंगी पर अब्दुल हमीद रहेंगे। इसके साथ ही तिरूपति संगीत कला महाविद्यालय शिवपुरी द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति होगी। शिवपुरी से ममता आकांक्षा गौ? एवं अणिमा अस्थाना का गायन भी किया जाएगा।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा बताया गया कि इस समारोह से शिवपुरी की संगीत प्रेमी जनता को न केवल संगीत का आनंद प्राप्त होता है बल्कि स्थानीय कलाकारों को भी प्रोत्साहन मिलता है। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के लिए जिला प्रशासन शिवपुरी भारतीय पुरातत्व सर्वक्षण भोपाल मण्डल तथा जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद शिवपुरी के सहयोग से उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल का प्रतिष्ठा आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शिवपुरी के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर समय पर पहुंचाने का अनुरोध किया है, कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है

# सर्किल जेल शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में विशेष न्यायाधीश शिवपुरी वंदना जैन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव अर्चना सिंह ने गुरुवार को सर्किल जेल शिवपुरी का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान प्रत्येक बैरिक में जाकर बंदियों से उनके प्रकरणों के संबंध में चर्चा की गई जैसे विचारण की स्टेज, यदि सजा हुई है तो अपील की स्थिति, जमानत आवेदन एवं निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में पूछताछ की।साथ ही बंदियों को प्रदाय किये जाने वाले भोजन, पानी स्वास्थ्य, मनोरंजन, शिक्षा, मुलाकात आदि प्रावधानों के संबंध में चर्चा की गई। तत्पश्चात सर्किल जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित बंदियों को विशेष न्यायाधीश वंदना जैन के द्वारा जेल अपील के प्रावधानों के बारे में बताया गया। साथ ही जिला न्यायाधीश/सचिव अर्चना सिंह के द्वारा निशुल्क विधिक सहायता, बंदियों के अधिकार एवं उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवपुरी सज्जन सिंह सिसौदिया के द्वारा प्ली बार्गेनिंग प्रक्रिया के प्रावधानों आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्यानी सिंह, वंशिता गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार च?र, जेल अधीक्षक रमेशचंद्र आर्य एवं जेल उपाधीक्षक दिलीप सिंह उपस्थित रहे। शिविर उपरांत बंदियों की समस्यायें सुनी गई।

# महात्मा ज्योतिबा फुले समिता परिषद एवं कुशवाहा जागरूकता मिशन द्वारा संगोष्ठी का आयोजन ग्राम मनपुरा में 24 को



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- शिवपुरी जिले की करेरा तहसील के अंतर्गत आने बाले मनपुरा मैं सामाजिक जागरूकता को लेकर कुशवाहा समाज का जो गौरवशाली इतिहास रहा है उसको लेकर शिवपुरी जिले के ग्राम मनपुरा में अखिल भारतीय महात्मा फुले समिता परिषद एवं कुशवाहा जागृति मिशन द्वारा समाज में फैल रही कुरीतियों एवं अंधविश्वास जैसी कुप्रथाओं को कैसे समाप्त किया जाए एवं समाज में राजनीतिक भागीदारी एवं शिक्षा के प्रति प्रेरित कर समाज उत्थान के विकाश लिए मुख्य धारा से जोड़कर समाज को एक नई ऊर्जा शक्ति मिले कुशवाहा समाज में जन्मे महापुरुषों के विचारों को कैसे घर घर पहुंचाया जाए इसको लेकर 24/12/2023 को ग्राम मनपुरा में कुशवाहा कृषि फार्म हाउस पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है सामाजिक जागरूकता , मिशन 100 , महात्मा फुले समता परिषद ब समाज के बुद्ध जीवी , सुखलाल कुशवाहा मित्र मंडल , अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, के साथियों विचारशील व्यक्तियों को आने का आह्वान किया गया है

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में गबन व धोखाधडी करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश

## समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शिवपुरी में हुए गवन व धोखाधड़ी में संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गत दिवस बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमेटी के अन्य सदस्य पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया, कोलारस अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजय यादव, मुकेश जैन उप आयुक्त सहकारिता, सुशील त्रिपाठी जिला अभियोजन अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी बैंक उपस्थित रहे।जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. शिवपुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि बैंक से सम्बन्धित प्रचलित गवन प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही एवं राशि बसूली के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा भी कोलारस गवन प्रकरण में त्वरित ठोस प्रभावी कार्यवाही के लिए एसडीओपी कोलारस को निर्देश दिए गए।अभी कार्यवाही के चलते कोलारस गवन प्रकरण मे नोटिस के माध्यम से 7.15 लाख राशि वसूली बैंक में जमा हुई है।इसी प्रकार बैंक की सम्बद्ध शाखा बैराड़ में हुए गवन राशि 5 लाख राशि जमा की गयी है। आगे भी इसी प्रकार कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# महिला समूह से जुडकर सोनु ने बदली अपनी तक्दीर



धार-महिला विकास संस्था से जु?कर महिलाये आज बेहतर जीवन जी रही है ! कभी घरों की देहरी से बाहर कदम नही रखने वाली महिलाये आज टेंट हाउस चला रही है ! महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिला विकास संस्था द्वारा ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को आर्थिक स्तर पर मजबूती देने के लिए कार्य किया जा रहा है ! इसी उदेश्य को लेकर आज हम आपको सोनू पति मुकेश शर्मा की कहानी बताते है की दीदी नागदा की रहने वाली है. उन्होंने बीए तक पढाई की है, सोनू दीदी ने बताया कि बताया कि मेरे विवाह के बाद पारिवारिक स्थिती ठीक नही रही ! पति और सासङ्कससुर घर का खर्चा चलाने के लिए गुजरात चले गये ! आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होकर मुझे घर चलाने में कई तरह कि रोजाना समस्या होती थी ! उसी दौरान महिला विकास संस्था की सदस्य चेतना शर्मा ने हमारी समस्या को देखते हुए आठ सदस्यो का मिलाकर एक महिला ग्रुप बनाया ! हमारे ग्रुप को संस्था द्वारा स्वरोजगार प्रशिक्षण भी दिया गया उसके बाद मुझे सोसायटी द्वारा अपने समूह के माध्यम से 30 हजार रूपये का लोन मिला ! इससे मेने घर पर एक छोटी सी किराना एवं जनरल स्टोर की दुकान खोली ! आज मुझे दुकान से 20 से 25 हजार रुपये प्रतिमाह आमदनी हो जाती है !

# हमारा काम लोगों को सुख शांति पहुंचाना क्योंकि आध्यात्मिक दृष्टिकोण से आप सब हमारे बच्चे हो -सन्त उमाकान्त जी महाराज

## संकट में दस बार जयगुरुदेव बोलते ही जान माल की रक्षा का कोई न कोई विकल्प रास्ता निकल जायेगा



इस समय के पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त महाराज जी ने बक्सर (बिहार) बताया कि नाम दो तरह का होता है एक ध्वन्यात्मक और एक वर्णनात्मक। हमेशा दोनों नाम रहे। ये वक़्त के महापुरुष के ऊपर निर्भर करता है। नाम रहा संतन अधीना, सन्त बिना कोई नाम न चीन्हा। जैसे राम भगवान आए, राम नाम को उन्होंने जगाया। राम-राम जो लोग बोले उनकी मदद हुई। पत्थर पर राम नाम लिखा तो पत्थर तैरने लगे। कृष्ण आए, कृष्ण नाम में शक्ति भरा। कृष्ण-कृष्ण जहां जो लोग बोले उनकी रक्षा हुई। द्रौपदी, ग्रह को उबारा। तमाम ऐसे उदाहरण मिले। कबीर साहब जब आए तो सत साहब नाम जगाया। नानक साहब ने वाहेगुरु, शिवदयाल जी ने राधा स्वामी नाम और गुरु महाराज ने जयगुरुदेव नाम जगाया। यह जयगुरुदेव नाम इस वक्त का प्रभु का जगाया हुआ नाम है। कभी भी मुसीबत में पड़ जाओ, आंधी-तूफान, बीमारी में पड़ जाओ, कभी भी आपको कोई भी कष्ट हो, जयगुरुदेव नाम बोलना, 10 बार बोलते ही अंतर में, जान माल की रक्षा का कोई विकल्प, रास्ता निकलेगा।

**मैं देख रहा हूं, काफी लोगों को परेशानी रहती हैं, उपाय ले लो**-मैं देख रहा हूं इसी कार्यक्रम में आई हुई भारी भी?) में काफी कुछ लोग परेशान हो। बीमारी, लड़ाई-झगड़ा, कोई न कोई परेशानी घर में बनी ही रहती है, रुपया-पैसा में बरकत नहीं होती है। कोई चैलेंज करो तो 50सों आदमीयों को बता दूंगा कि उनके घर में रोज झगड़ा होता है, रोज कुछ-कुछ (झगडा) होता है, बीमारी बनी रहती है। आप पता कर लो। सबके सामने नहीं बताये तो अकेले में पूछो जो बाबाजी ने तुम्हारे लिए कहा है वो सही है या गलत है? गलत निकल जाए तो हमारी एक बात मत मानना। सबको, कहां तक एक-एक को बताया जा सकता है (क्योंकि संगत अब बहुत ब? गयी है)? हमारा काम क्या है? सुख शांति लाना कि लोग सुखी रहें। हमारे गुरु महाराज कहा करते थे, हमारे कोई अपना बच्चा नहीं है लेकिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से तुम सबको अपना बच्चा मानता हूं। उन्हीं का काम मैं भी कर रहा हूं। मेरे भी कभी बीवी बच्चे नहीं रहे। मैं भी घर द्वार, कल-कारखाना नहीं खोला। मैं भी गुरु के पीछे-पीछे बचपन से ही लगा रहा। वही काम मैं भी कर रहा हूं। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से सब लोग मेरे बच्चे की तरह से ही हो। आपको सुखी देखना चाहता हूं लेकिन एक-एक को कम समय में कैसे बताया जा सकता है। एक बार में जो सबको बता दे रहा हूं, विश्वास के साथ करोगे तो फायदा आपको दिखने लग जाएगा। जिनके-जिनके यहां तकलीफ रहती हो, आप लोग जयगुरुदेव नाम की ध्वनि बोलना शुरू कर दो।

**जयगुरुदेव नाम ध्वनि बोलने, बुलवाने के फायदे**-परिवार में जिनको नाम दान मिल गया है उनको सिमरन ध्यान भजन करना और जो परिवार के सदस्य नामदानी नहीं है, उनको सबको इकट्ठा करके जयगुरुदेव नाम की ध्वनि दोनों समय बुलवाना। धीरे-धीरे तकलीफ चली जाएगी। मैं बताने लगा लोगों को और लोग करने लग गए। लोग बताते हैं की बहुत तकलीफें कम हो गई, बीमारियां भी कम हो गई। रुपया पैसा भी अब मालूम पड़ता है, नहीं तो कमाई होती थी लेकिन पता ही नहीं चलता था कि कहां चला जाता है। कोई न कोई समस्या परेशानी बनी ही रहती थी। अभी खोजोगे तो इसी में मिल जाएंगे। पूरे परिवार को बुलवाते हैं, बोलते हैं। लेकिन गलती आप करते हो, जो कहा जाता है उसको करते नहीं हो। बस यही कहते हो दया दुआ हो जाए। फ्री फोकट में चाहते हो। थोड़ी मेहनत तुम करो, हम भी मेहनत करते हैं। 75वां साल हमारा लगने जा रहा है। दुबला पतला शरीर, गर्मी-ठंडी का असर जल्दी आता है। आपको बताने के लिए आया हूं। कुछ मेहनत मैं करता हूं, कुछ आप भी तो करो। यदि गांव के लोग जो इसमें बैठे हैं, मेरी बात समझ में न आवे तो आप जो पढ़े-लिखे लोग हो, आप भी थोड़ा परोपकार परमार्थ करना, इनको समझा दो कि ये जयगुरुदेव नाम की ध्वनि अपने घरों में रोज सुबह-शाम एक घंटा बोलना शुरू कर दें। ऐसे बोलना रहेगा- जयगुरुदेव **जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव।**

भाजपा ने जलाया टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला

# राज्यसभा सभापति का अपमान नहीं है बल्कि देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है – मनोज सोमानी

धार । भारतीय जनता पार्टी धार के जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संसद में सभापति उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का माखौल उड़ाए जाने के मामले को लेकर राजवाड़ा चौक चौराहे पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला जलाया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने जिस तरह से संसद में हंगामा किया और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का माखौल उडाया गया यह राज्यसभा के सभापति का अपमान नहीं है बल्कि देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। इस घटना से सारा देश आंदोलित है। इस शर्मनाककृत के लिए राहुल गांधी व सोनिया गांधी को सार्वजनिक रूप से देश की जनता से माफी मांगना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोदिया,विनोद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे, जिला मंत्री दीपक फेमस, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हेम सिंह पटेल,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, दीपक सिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष विपिन राठौड़ व नितेश अग्रवाल, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, अनिल बाबा, कालीचरण सोनवानिया , शिव पटेल ,अजीत जैन , विवेक गौड़,मनीष प्रधान,सोहन बिल्लोरे,राजेश हारोड़, जयराज देवड़ा,राकेश दुर्गेश्वर, अंकित भावसार करण पटेल, बादल मालवीय, राजेश डाबी, सोनिया राठौर,अर्पित पटोंदिया,कैलाश पिपलोदिया,अनिल यादव सन्नी होडा राजेंद्र राठोड शांतिलाल शर्मा,हरीश आर्य,कमलेश बिजवा,घनश्याम सौलंकी सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।



# बाडी नगर मे संत गाडगे महाराज की 68 वीं पुण्यतिथि मनाई

बाड़ी संत समागम गाडगे रजक समाज समिति बाडी अध्यक्ष विष्णु मालवीय के नेतृत्व मे संत गाडगे महाराज जी की 68 वीं पुण्यतिथि बारना क्लब घर के मैदान में मनाई गई, सर्व प्रथम कार्यक्रम के मुख्यातिथि सम्मानीय श्री बी एस मालवीय जी (बाबूजी) , डां आई एस रजक जी, समिति अध्यक्ष बिष्णु मालवीय जी, समिति सयोजक यशवंत मालवीय , समिति बरिष्ठ मार्गदर्शक बचन पटेल , कोषाध्यक्ष भूरा मालवीय जी ,उपाध्यक्ष एस आर मालवीय शिक्षक, नारायण सिंह रजक, सचिव भाई साहब मालवीय , प्रवक्ता विमलेश मालवीय , मिडिया प्रभारी संजू रजक ,सगठन महामंत्री नेमीचंद मालवीय , पोहपसिह रजक, सुरेश मालवीय , अशोक मालवीय , ,हनमत सिह मालवीय , दीपक मालवीय , रामस्वरूप रजक जी, माना मालवीय मथुरा प्रसाद मालवीय , बद्री प्रसाद रजक राहुल मालवीय, लोकेश मालवीय ,एवं महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष कुमारी पूजा रजक जी द्वारा संत गाडगे महाराज के चित्र पर पुष्प माला पहना कर एवं पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया उपस्थित समिति के सभी साथियों ने भी बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए चरणो में श्रद्धांजलि दी, समिति अध्यक्ष विष्णु मालवीय ने मुख्यातिथि बी एस मालवीय जी , डां आई एस रजक , को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया तत्पश्चात आम सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्यातिथि बी एस मालवीय , डां आई एस रजक, ने समाज के विकास , शिक्षा स्वास्थ्य, रोजगार पर अपने बिचार व्यक्त किये समिति संयोजक यशवंत मालवीय ने सभी समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया ।।

# जनता 2024 में भाजपा विहीन देश बनाकर देगी जबाब: डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। लोकसभा से 146 सांसदों का निलंबन करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दलों ने फूलबाग चौराहा पर विशाल धरना दिया। धरने में विशेष रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा और विधायक डॉ. सतीश सिकरवार उपस्थित थे। धरने का संचालन कम्युनिस्ट पार्टी के रामविलास गोस्वामी ने किया।धरने में कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा कहा कि भाजपा मोदी सरकार द्वारा जिस तरह से लोकसभा से 146 सांसदों को निलंबन कर विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हम किसी तरह से दबने वाले नही है। सांसद लोकसभा में अपनी बात नहीं रखेंगे तो अपनी बात रखने कहां जाएंगे? संसद भवन की सुरक्षा में चूक होने पर सवाल पूछना क्या गलत है? भाजपा की केन्द्र सरकार को इसका जबाव देना होगा, भाजपा विपक्ष विहीन संसद चाहती है, लेकिन भाजपा का यह सपना कभी पूरा नही होगा। जनता भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को अब समझ चुकी है। भाजपा की इस हिटलरशाही और हठधर्मिता का अंत होने का समय आ गया है, जिसका जबाव जनता आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर देगी। धरने को ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे, पूर्व विधायक मदन कुशवाह, प्रदेश प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष अमर सिंह माहौर, वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हेवरन सिंह कंषाना, श्रीमती वीना भारद्वाज, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के कौशल शर्मा, अशोक पाठक, मार्क्सवादी कम्युनिस्ठ पार्टी के अखिलेश यादव, भगवान दास सैनी, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मोनू यादव, समाजवादी पार्टी के रणवीर सिंह यादव, भाकपा माले के विनोद रावत ने भी संबोधित किया।धरने में पूर्व मंत्री बालेंदु शुक्ला, पूर्व सांसद रामसेवक सिंह बाबूजी, कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, वीर सिंह तोमर, इब्राहिम पठान, प्रदेश प्रवक्ता आर.पी. सिंह, जयराज सिंह चौहान, शत्रुघन सिंह यादव, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. राकेश्वर यादव, जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राजेश यादव, चर्तुभुज धनोलिया, अशोक प्रेमी, संजय सिंह राठौर, कृष्णराव दीक्षित, हमीद खां उस्मानी, अवधेश कौरव, जेएच जाफरी, निधी शर्मा,श्रीमती सीमा समाधिया, मेहबूब खां चेनवाले, भैयालाल भटनागर, सुधीर मंडेलिया, ओमप्रकाश दुबे, शील खत्री, इन्द्रजीत सिंह, रामनरेश परमार, लतीफ खां मल्लू, सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र गुर्जर, जितेन्द्र सिंह भदौरिया, बेताल सिंह गुर्जर, अरविंद चौहान, दशरथ सिंह गुर्जर, पियुष जैन, राजीव शर्मा, देशराज भार्गव, अशोक तरेटिया, शंकर गाबरा, संजय फ?तरे, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश खान, मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, महादेव अपोरिया, विनोद कुमार जैन, अनूप शिवहरे, लक्ष्मीनारायण कुशवाह,




राजेश बाबू, राकेश शर्मा, कैलाश चावला, हितेन्द्र यादव, संजीव दीक्षित, अविद नकबी, कुलदीप मगरैया, पार्षद पीपी शर्मा, अंकित कटठल, सुरेन्द्र साहू, मंगल यादव, प्रमोद खरे, शकील मंसूरी, आदित्य सतीश सिकरवार, संदीप यादव, अशोक कश्यप, सोहिल खान, भूपेन्द्र तोमर, नीरज सिंह यादव, अनिल शर्मा बिट्टू, श्रीमती उषा दंडोतिया, अशोक सिंह सिकरवार, राकेश बाथम, दर्शन सिंह तोमर, प्रेम सिंह, विजय सिंह, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, अशोक सुमन, प्रायग सिंह गुर्जर, सतीश कन्नोजी, अविनाश गुप्ता, जसवंत शेजवार, राजा दीक्षित, अरूण परिहार, दिलीप सिंह तोमर, अनिल भारतीय, सौरभ जैन, श्याम गुर्जर, राम सिंह तोमर, कांती प्रसाद, संतोष भारती, पंकज सिंह राजावत, अरविंद राठौर, नाजिम खान, सुनील रामपुरिया, प्रेम सिंह कौरव, श्रीमती मनीषा शर्मा, राकेश पाल, युवराज भारद्वाज, राजवंश भारद्वाज, नरेश सिंह, अनूप मिश्रा, राजेन्द्र परिहार, महेश सोनी, राजेन्द्र सिंह जाटव, श्याम सुंदर, हरिओम यादव, धर्मेन्द्र सिंह, दीनदयाल जाटव, शैलेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिंह रावत, अब्दुल खान, चन्द्रमोहन मंडेलिया, अनीस मंसूरी, धर्मवीर सिंह, दिनेश एशवार, राजू बाथम, बंटी पाल, शाहिद खान, गजेन्द्र कुमार, भगवती प्रसाद, वृंदावन मेवार, धीरज ढींगरा, अलाउद्दीन, भानू कैशिक, महेन्द्र कुमार चोकोटिया, दिवाकर शर्मा, गनपत शाक्य, अनवर खान, प्रकाश वर्मा, कोशल सिसौदिया, प्रकाश चन्द्र शर्मा, मुकेश कुशवाह, अनिल वाजपेयी, जसवंत सिंह किरार, सतेन्द्र सिंह किरार, घनश्याम सिंह राजपूत, राजेश कुमार वर्मा, रोहित राजावत, इरफान खान, विजय शर्मा, अरविंद राठौर, अजय रवि रजक, रामबाबू श्रीवास, अशोक कुमार राजपूत, बृजेश धानुक, गोपीलाल भारतीय, रामलाल बाथम, रामबाबू शर्मा, गनपत शाक्य, करन सिंह राजपूत, श्रीमती गीता शर्मा, श्रीमती गीता गुप्ता, अनिल भारतीय, श्रीमती लक्ष्मी माथुर, श्रीमती सुनीता कुशवाह, श्रीमती आशा गौर, श्रीमती रीतू शर्मा, श्रीमती मनीशा शर्मा, श्रीमती नीता प्रजापति, श्रीमती अनीता नरवारे, श्रीमती कमलेश गौर, श्रीमती प्रेमा बाई, श्रीमती नीतू धोलकर, श्रीमती रीता धोलकर, श्रीमती सुनीता, श्रीमती मंजू वर्मा, श्रीमती मीना मेहता, श्रीमती रामो पटेल, श्रीमती संगीता, ओमप्रकाश प्रजापति, केदार सिंह बरहादिया, श्रीमती रिचा रोहिरा, श्रीमती शारदा कुशवाह, अशोक प्रजापति, गोरीशंकर नामदेव, कृष्णपाल पवैया, रामेश्वर दयाल, रघुराज बघेल, राजेन्द्र श्रीवास, चंन्द्रप्रकाश गुप्ता, अंगद सिंह बघेल, केवल सिंह दादोरिया, महेन्द्र किशन भगत, विश्वनाथ पटेल, कृष्णराज शर्मा, टिंकू सिंह परिहार, अशोक कुमार वाजपेयी, आशुतोष शर्मा, जसवंत वर्मा, अनिल कौरव, विनोद पवैया, अमरेश बघेल, दिनेश बरैया, जुगल किशोर भार्गव, नरेश मोर्य, धर्मेन्द्र तोमर, राकेश सिंह सोलंकी, नरेश विरथरे, जगदीश कुशवाह, दिनेश चौरसिया, वीरेन्द्र सिंह, बृजेश शर्मा, उमाचरन सिंह यादव, संतराम यादव, रामेश्वर दयाल, रामनिवास शर्मा, जीतू कुशवाह, अनुराग वर्मा, मुस्तफा नकबी, डॉ सोहिल कुरेशी, सुरेश पाल, संजय नरवरिया, राजेश शर्मा, सोनू सिंह राजावत, सागर नाती, इनायत पठान, रामविलास जस्या, भीकम सिंह जादोन, सुरेश कुमार प्रजापति, जितेन्द्र प्रजापति, नीतेश बाथम, उपेन्द्र सिंह राजपूत, मदन गुप्ता, अजीत गोस्वामी सहित विशाल जनसमूह उपस्थित था।

## पूर्व सीएम शिवराज ने अमरकंटक में किया नर्मदा पूजन, लिपट-लिपट कर रोईं लाडली बहनें

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दो दिवसीय प्रवास पर अमरकंटक में हैं। उन्होंने पत्नी साधना सिंह के साथ उद्गम स्थल पर मां नर्मदा का पूजन किया। शिवराज के आने की खबर लगते ही कई महिलाएं उनसे मिलने पहुंचीं। मुलाकात के दौरान वे रोने लगीं। शिवराज भी भावुक दिखे। बता दें कि शुक्रवार सुबह होलीडे होम में उन्होंने पौधरोपण किया। इसके बाद वे नर्मदा उद्गम स्थल पहुंचे। यहां पत्नी के साथ पूजन किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत की। यहां से शंभू धरा की ओर चले गए। शिवराज शनिवार को भी अमरकंटक में ही रहेंगे।पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को अनूपपुर में कहा, हमने जनता से विकास के वादे किए थे, वो सब पूरे होंगे। मैं अपेक्षा करता हूं कि सरकार हमारा संकल्प पत्र पूरा करेगी। मैं समय-समय पर सरकार का इस ओर ध्यान दिलाता रहूंगा। भाई और मामा के रिश्ते परमानेंट होते हैं। उनका पदों से कोई संबंध नहीं होता। शिवराज ने कहा कि मैंने भी जनता के बीच जाकर माता-बहनों से कुछ वादे किए थे। जो नई सरकार पूरा करेगी। हमने अमरकंटक में ही नर्मदा लोक बनाने की बात कही थी, वो भी पूरा होगा। सीएम डॉ. मोहन यादव और सरकार उसे पूरा करेगी। प्रदेश के सेवक होने के नाते जनता से मेरे



रिश्ते भाई और मामा के हैं। बता दें कि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शंभू धारा में ही 19 फरवरी 2021 को पहला पौधा लगाया था। इसी दिन यहीं हर रोज पौधारोपण का संकल्प लिया था। अब इस संकल्प को तीन साल से ज्यादा वक्त हो गया है। शिवराज द्वारा यहां लगाया पौधा सुरक्षित है। शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को इसी वृक्ष के पास आम का पौधा लगाया। गौरतलब है कि शिवराज अब तक लगभग तीन हजार पौधे लगा चुके हैं। शिवराज के पौधारोपण अभियान में असंख्य सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों ने भी जनजागरूकता दिखाई है।

शिवराज ने कहा कि मैं विधानसभा चुनाव से पहले भी आया था और मां के चरणों में प्रार्थना की थी। प्रदेश के विकास और जनकल्याण के कामों को आगे बढ़ाने के लिए, योजनाओं को ठीक ढंग से क्रियान्वित करने के लिए... मां भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने। भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनी है। मैंने उसे समय संकल्प किया था कि मैं मां के चरणों में दोबारा आऊंगा। आज मां की पूजा अर्चना की चरणों में प्रणाम किया।

## ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 24 को




ग्वालियर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की भगिनी संस्था राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग द्वारा कार्तिक हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयेजन रविवार 24 दिसंबर को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक ब्रह्माकुमारीज के प्रभु उपहार भवन माधौगंज (डॉ आहूजा के सामने गली में) में आयोजित किया जा रहा है। बीके प्रहलाद ने बताया कि इस शिविर में हृदय रोग, सांस, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर तथा दाँतो से संबंधित निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इसमें कंसल्टिंग फिजिसियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष चाँदिल तथा डेंटिस्ट डॉ. रचना चाँदिल परामर्श देंने के लिए उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही ब्लड शुगर, बी.पी. तथा ई.सी.जी. की जांच भी निःशुल्क रहेगी।

## आई ए एस विवेक पोरवाल ने जनसम्पर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया



सचिव जनसम्पर्क विवेक पोरवाल ने जनसम्पर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जनसम्पर्क संचालनालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक ली। जनसम्पर्क आयुक्त पोरवाल ने जनसम्पर्क की कार्यप्रणाली की वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग के विभिन्न प्रभागों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने म.प्र. माध्यम में भी प्रबंध संचालक (एम.डी.) का पदभार ग्रहण किया।

## मेले की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने विभिन्न अधिकारियों को सौंपे दायित्व




**ग्वालियर।** इस साल के ग्वालियर व्यापार मेले में विभिन्न व्यवस्थाओं को अंजाम देने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से चैकलिस्ट बनाकर व्यवस्थाओं को मूर्तरूप देने के लिये कहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा को मेला परिसर में पार्किंग स्थल और उसके आस-पास के क्षेत्र पर मेला अवधि के दौरान समुचित पुलिस व्यवस्था लगाने और यातायात व्यवस्था सुचारू करने का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह अपर जिला दण्डाधिकारी टी एन सिंह को मेला अवधि के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और जांच दल गठित करने की जिम्मेदारी दी गई है। मेला सचिव निरंजनलाल श्रीवास्तव स्टॉल आवंटन व टेंट व्यवस्था की जिम्मेदारी निभायेंगे। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण ओमहरि शर्मा एवं एसडीओ ईएण्डएम आर एस वैश्य मेला परिसर की समस्त स्टॉल, स्टेज एवं झूला सेक्टर में लगे झूलों के इन्स्टॉलेशन का सुदृढ़ीकरण, आवश्यक बेरीकेटिंग कराकर विद्युत सुरक्षा का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे। महाप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी नितिन मांगलिक मेला प्रांगण की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ रखने की जिम्मेदारी निभायेंगे। अपर आयुक्त नगर निगम विजय राज को मेला परिसर में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुदृ? रखने की जिम्मेदारी दी गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक चौहान, जिला आपूर्ति नियंत्रक भीम सिंह तोमर एवं सहायक श्रमायुक्त श्रीमती संध्या सिंह मेला परिसर में लगने वाले खान-पान के स्टॉल व दुकानों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजौरिया मेला प्रांगण में आगुंतकों, दुकानदारों इत्यादि के लिए स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया कराने के लिए चिकित्सकों की टीम तैनात करेंगे और रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों की ड्यूटी लगायेंगे। साथ ही मेला परिसर में दो एम्बूलेंस की व्यवस्था भी करेंगे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस के सिंह मेला परिसर एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में पार्किंग की समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करायेंगे।

**10 समितियाँ गठित** –ऐतिहासिक श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला के आयोजन की तैयारियाँ जारी हैं। मेले से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से अंजाम देने के लिये 10 समितियाँ गठित की गई हैं। मेला सचिव एन एल श्रीवास्तव ने बताया कि मेला प्राधिकरण संचालक मण्डल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इस साल 25 दिसम्बर से 25 फरवरी तक लगेगा।

## 25 को मनाया जायेगा ब्राह्मण गौरव दिवस और सकल ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन




**ग्वालियर।** 25 दिसंबर को देश के दो भारत रत्न ब्राह्मणों का जन्म दिवस होने पर जहां ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन होगा। वहीं ब्राह्मण रत्नों को लेकर ब्राह्मण गौरव दिवस मनाया जायेगा। वहीं त्रि दिविसीय समारोह भी 23 दिसंबर से होगा। इस अवसर पर विवाह योग्य परिचय सम्मेलन के साथ ही राज्य के समाज सेवियों एवं ब्राह्मण विधायकों का सम्मान तथा ब्राह्मण बालिकाओं को ब्रह्म स्वर्ण लक्ष्मी सम्मान सोने की लोंगे , स्मृति चिन्ह, श्रीफल सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये सकल ब्राह्मण परिचय सम्मेलन के संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम से पहले 22 दिसंबर को सायंकाल 05:15 बजे से परिचय सम्मेलन के लिए भूमि पूजन होगा। इस अवसर पर भूमि पूजन समाज सेवी भगवती प्रसाद शर्मा करेंगे जबकि उनके साथ रजिस्टार डॉ दिनेश गौतम भी मौजूद रहेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा करेंगे। वहीं समिति के फैसले के अनुसार भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी समारोह के तहत सिंधी कालोनी में 23 दिसंबर को श्रद्धेय अटल जी के परिजन श्रीमती कान्ता जी , दीपक वाजपेयी , अनूप शोभा जी को अटल रत्न से सम्मानित किया जायेगा। 24 दिसंबर को सायं पांच बजे अटल जी के पैत्रिक निवास कमल सिंह का बाग के शिन्दे की छावनी लश्कर पर देशी घी के एक सौ दीपक जलाये जायेंगे। साथ ही लडडुओं का प्रसाद वितरण भी किया जायेगा। 25 दिसंबर को सुबह 11 बजे से चेंबर ऑफ कामर्स में श्रद्धेय आनन्द नारायण गौड एवं श्रीमती मघु भारद्वाज सभागार में श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी जयंती एवं भारत रत्न महामना पं मदन मोहन मालवीय की जयंती पर 12 वां निशुल्क सकल ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन होगा। इसमें लगभग 700 से अधिक युवक युवती अपना परिचय देंगे। वहीं इसमें विदेश के भी युवक युवती भाग लेने आ रहे हैं। स्कल ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन की भोजन समिति के संयोजक प्रेमनारायण मिश्रा , भोजन प्रभारी विक्रम शर्मा श्रीमती स्वेता शर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर को 12 बजे से 03 बजे तक सभी कूपन धारियों को भारतीय पद्धति से महिलाओं द्वारा स्वरूचि सह भोज कराया जायेगा। महिला अध्यक्ष वीना भारद्वाज ने बताया कि महिलाओं द्वारा पीले चावल देकर लगभग 3000 महिलाओं से संपर्क किया जा चुका है। इस अवसर पर संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, संयुक्त अध्यक्ष श्याम बाबू शर्मा, परामर्शदाता कुलवीर श्राारद्वाज रविन्द्र नायक, प्रवक्ता गिर्राज गुरू, देवेन्द्र शर्मा, महिला अध्यक्ष वीना भारद्वाज, युवा अध्यक्ष सिद्धांशु भारद्वाज, मनोज त्रिपाठी , रामप्रकाश शर्मा, संयुक्त महामंत्री हेमंत शर्मा, संयोजक मुन्नालाल शर्मा, रामनारायण मिश्रा, सुधा दीक्षित, शशि व्यास, आशा त्रिपाठी, अंजू दीक्षित, रेनू शर्मा, आकांक्षा शर्मा , शिवांगी व्यास आदि ने सभी से युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## आर्ट वो है जो आपकी कल्पनाओं की अनंत संभावनाओं को उत्पन्न करें: फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह

ग्वालियर । आर्ट वो है जो आपकी कल्पनाओं की अनंत संभावनाओं को उत्पन्न कर दे। भारत वो देश है जहां अमूर्त परंपरा का प्रादूर्भाव हुआ है। अमूर्त को कभी हल्का नहीं समझना चाहिये। क्योंकि कलाकार एक चीज को अनेक प्रकार से प्रेषित करता है। अंतरराष्ट्रीय शिल्पकार शिविर के दौरान देश और विदेश से आये शिल्पकारों ने अपने ही अंदाज में अपनी कला का प्रदर्शन कर यहां एक-एक पत्थर पर यूनिक कलाकृतियों को उकेरा है। यह बहुत ही अद्भुत है। प्रसिद्ध शिल्पकार रॉबिन डेविड जी से मैंने आग्रह किया था कि कुछ ऐसा स्कल्पचर तैयार करना जिससे युवा, स्टूडेंट्स और समाज को संदेश जाये। इस पर उन्होंने आज यहां आधुनिक बाव?ी का स्कल्पचर तैयार किया है जो जल संरक्षण का संदेश दे रहा। मैं देश और विदेश से आए सभी शिल्पकारों को शुभकामनाओं के साथ पुनः आने के लिए आमंत्रित करता हूं। यह बात आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर श्री रमाशंकर सिंह जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये कही। मौका था, गुरुवार को आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के तुरारी कैंपस स्थित लियोनार्दो द विंची ब्लॉक में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय शिल्पकार शिविर-2023 (9वां-इंटरनेशनल स्कल्पचर सिंपोजियम-2023') के समापन समारोह का।18 नवंबर से 21 दिसंबर तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय शिल्पकार शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान व मनीषा के उद्भट विद्वान, लेखक, कवि एवं कला मर्मज्ञ डॉ. उदयन वाजपेयी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर चांसलर श्रीमती रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. एसएन खे?कर, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार श्री अनिल माथुर सहित देश-विदेश से आए शिल्पकार और छात्र-छात्राएं आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संपूर्णा पांडा द्वारा किया गया।स्कल्पचर एकबियोंड लैग्वेज है: उदयन वाजपेयी

**9वें अंतरराष्ट्रीय शिल्पकार शिविर**-2023 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उदयन वाजपेयी ने कहा कि स्कल्पचर एक बियोंड लैग्वेज है। इसके माध्यम से शिल्पकार अपनी फीलिंग और कला का प्रदर्शन पत्थरों को अनोखा और दर्शनीय रूप प्रदान करता है। यह पूरा ब्रह्माण




एक स्कल्पचर ही तो है। जिसका निर्माण भगवान ने किया है। उन्होंने तीन स्कल्पचर के बारे में बताते हुये कहा कि लिंगम एक ऐसा शिवलिंग है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के प्रेम के स्वरूप को दर्शाता है। उ?ीसा का जगन्नाथपुरी मंदिर और त्रिभंग मुद्रा में डांसिंग गर्ल्स। ये पुरातन सभ्यता के ऐसे स्कल्पचर हैं जो हजारों साल पहले तैयार किये गये थे।

आपका अनोखापन ही आपके जीवन की पहचान बन जाता है: प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना के बाद आईटीएम यूनिवर्सिटी में यह पहला अंतरराष्ट्रीय शिल्पकार शिविर है जो एक महीने से अधिक समय तक चला। यहां विभिन्न देश और भारत के प्रख्यात शिल्पकारों ने आपके बीच आकर अपनी कला का प्रदर्शन कर सामान्य से दिखने वाले पत्थरों पर बहुत ही अद्भुत स्कल्पचर तैयार किये हैं। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि आप यकीन मानिये कि ये दुनिया में सबसे अनोखे हैं, सबसे अलग हटके हैं। क्योंकि ये अनोखापन हर किसी में होता है, जो जीवन में उसकी पहचान बन जाता है। आईटीएम में समय-समय पर आयोजित इस तरह के कैंप, शिविर और कॉन्फ्रेंस को मिस करेंगे तो आप अपने अंदर छुपे हुनर रूपी ज्ञान को प्रदर्शित करने का हुनर मिस कर रहे हैं। इसलिये आप ऐसे आयोजनों का हिस्सा जरूर बनें।देश की कला और परंपरा धरोहर के रूप में है: शिल्पकार रॉबिन डेविड9वें अंतरराष्ट्रीय शिल्पकार शिविर-2023 के समापन समारोह में देश के प्रतिष्ठित शिल्पकार रॉबिन डेविड ने कहा कि मुझे पत्थर तराशते हुए 50 साल हो गए हैं। मैंने जितनी परेशानियां उठाई हैं, वो परेशानी किसी आर्टिस्ट को उठानी नहीं प?ें। देश की कला और परंपरा धरोहर के रूप में है। जब पहला नेशनल कैंप लगाया गया था तो मेरे टीचर ने पूछा कि तुम तो सेकेण्ड ईयर में हो। कैसे अपनी कला का प्रदर्शन कर पाओगे। बस तभी से मैंने ठान लिया कि मूर्ति कला को मरने नहीं दूंगा। मैं देश के सभी युवाओं से यही आग्रह करना चाहूंगा कि हमारी कला, धरोहर को सहेजें।

कार्यक्रम के अंत में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. एसएन खे?कर ने कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में एक महीने से ज्यादा समय से चल रहे अंतरराष्ट्रीय शिल्पकार शिविर में देश-विदेश से आए शिल्पकारों ने पत्थरों को मूर्त और अमूर्त रूप देकर प्राण प्रतिष्ठा की है। यह हम सबके लिए खुशी का विषय है। इसके साथ ही में सभी देश और विदेश से आए शिल्पकारों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। कलाकृतियों को किया प्रदर्शित9वें अंतरराष्ट्रीय शिल्पकार शिविर-2023 में देश-विदेश से आए शिल्पकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को आईटीएम ग्लोबल स्कूल कैंपस और आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के तुरारी कैंपस में विभिन्न स्थानों जिनमें लियोनार्दो द विंची ब्लॉक, महात्मा गांधी ब्लॉक, जेसी बॉस ब्लॉक, किर्लोस्कर ब्लॉक, स्पोर्ट्स क्लब सहित अन्य स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478